विवरणिका

नहि ज्ञानेन सादृशं पवित्रमिह विद्यते

स्थापित 1960

# वर्धमान कॉलेज
## बिजनौर

(जैन अल्पसंख्यक शिक्षण संस्था)

(एम. जे. पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली से सम्बद्ध)

फोनः (01342) 262788

# PROSPECTUS
## 2020-21


# Our Respected Founders



Late Shri R.K. Jain




Late Shri J.P. Jain



Late Shri R.P. Jain
Former President

# Our Management



**Hon'ble Shri K.P. Jain**
President
Management Committee Vardhaman College



**Hon'ble Shri Mohit Jain**
Hony. Secretary
Shri Vardhaman Educational Society



**Shri Arjun Sahu**
Hony. Secretary
Management Committee
Vardhaman College



**Prof. P.K. Jain**
Member
Management Committee
Vardhaman College



**Shri B.K. Singh Deo**
Member
Management Committee
Vardhaman College

# वर्धमान कॉलेज, बिजनौर

(जैन अल्पसंख्यक शिक्षण संस्था-एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली से सम्बद्ध)

## महाविद्यालय एक दृष्टि में

| | | |
|---|---|---|
| स्थापना वर्ष | : | जुलाई, 1960 |
| संस्थापक | : | स्व. श्री आर.के. जैन एवं स्व. श्री जे.पी. जैन |
| संस्थापक प्राचार्य | : | स्व. डॉ. एस.आर. त्यागी |
| महाविद्यालय का उद्घाटन | : | स्व. हाफिज़ मौ. इब्राहीम (तत्कालीन केन्द्रीय विद्युत एवं सिंचाई मंत्री) |
| सम्बद्धता | : | आगरा विश्वविद्यालय, आगरा से सम्बद्ध 1960 से 1974 तक<br>एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली से सम्बद्ध 1975 से ..... निरन्तर |
| महाविद्यालय का प्रबंधन | : | श्री वर्धमान एज्यूकेशनल सोसायटी, दिल्ली के द्वारा |
| नैक मान्यता (NAAC accreditation) | : | $B^+$ |
| प्राचार्य | : | प्रो. सी.एम. जैन |
| महाविद्यालय में संचालित अनुदानित पाठ्यक्रम | | कला संकाय - स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाएँ<br>विज्ञान संकाय - स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाएँ<br>वाणिज्य संकाय - स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाएँ<br>अध्यापक शिक्षा संकाय - बी.एड. |
| महाविद्यालय में संचालित स्व-वित्तपोषित व्यवसायिक पाठ्यक्रम | : | बी.एस-सी. (कम्प्यूटर साईंस)<br>एम.एस-सी. (रसायनशास्त्र)<br>एम.एस-सी. (जन्तु विज्ञान) |
| भवन एवं क्रीड़ा स्थल | : | सुसज्जित भवन एवं विशाल क्रीड़ा-स्थल |
| महाविद्यालय में प्रति सत्र छात्र/छात्राओं की संख्या (लगभग) | : | संस्थागत- 6000 छात्र/छात्राएँ एवं व्यक्तिगत (Private) छात्र/छात्राएँ 3500 |
| पुस्तकालय एवं वाचनालय | : | पर्याप्त एवं सुसज्जित हैं, पुस्तकालय में 58,679 पुस्तकें हैं |
| राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) | : | छात्रों हेतु दो इकाइयां (Units)<br>छात्राओं हेतु दो इकाइयां (Units) |
| एन.सी.सी. | : | छात्रों हेतु एक इकाई (Unit)<br>छात्राओं हेतु एक इकाई (Unit) |

# List of Principals

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Dr. S.R. Tyagi | | 1960-1975 |
| 2. | Dr. D.N. Prasad | Acting Principal | 1975-1977 |
| 3. | Dr. J.P. Gupta | | 1977-1980 |
| 4. | Dr. P.C. Jain | Acting Principal | 1980-1982 |
| 5. | Dr. B.K. Kansal | | 1982-1985 |
| 6. | Dr. G.S. Gupta | | 1985-1995 |
| 7. | Dr. S.C. Jain | Acting Principal | 1995-1998 |
| 8. | Dr. O.P. Garg | Acting Principal | 1998-1999 |
| 9. | Dr. S.C. Jain | Acting Principal | 1999-2002 |
| 10. | Dr. O.P. Gupta | Acting Principal | 2002-2003 |
| 11. | Shri Satya Prakash | Acting Principal | 2003-2004 |
| 12. | Dr. Anil Kumar Jain | Acting Principal | 2004-2008 |
| 13. | Dr. V.K. Tyagi | Acting Principal | 2008-2010 |
| 14. | Dr. G.R. Gupta | Acting Principal | 2010-2011 |
| 15. | Prof. G.R. Gupta | | 2011-2015 |
| 16. | Dr. Meena Bakshi | Acting Principal | 2015-2017 |
| 17. | Prof. C.M. Jain | | Since 2017 |

प्राचार्य सन्देश




## प्रो. सी.एम. जैन

**प्राचार्य, वर्धमान कालेज, बिजनौर**


**प्रिय विद्यार्थियों,**

**हमारा** महाविद्यालय ज्ञान केन्द्र, ज्ञान-विज्ञान-संस्कार की त्रिवेणी प्रवाहित करने में सतत् गतिशील है। प्रेरक नेतृत्व के फलस्वरूप महाविद्यालय ने शैक्षणिक रूप से विकासोन्मुखी (Developing) जनपद में शिक्षा के क्षेत्र में अपनी एक अलग छवि बनाने के साथ-साथ युवा पीढ़ी को संस्कारित एवं दिशा निर्देशित करने का प्रयास भी किया है। महाविद्यालय में परम्परागत पाठ्यक्रमों के साथ-साथ अनेक नये रोजगारपरक पाठ्यक्रमों का भी संचालन कुशलतापूर्वक किया जा रहा है। विगत वर्षों में महाविद्यालय द्वारा आधारभूत अवस्थापन सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार एवं विकास किया गया है जिससे छात्र-छात्राओं में शैक्षिक उत्कृष्टता, क्रीड़ा में श्रेष्ठ प्रदर्शन, मौलिक शोध-अनुसंधान एवं चुनौतियों के मध्य अपने सुअवसरों को प्राप्त करने में सुगमता एवं सरलता रहे। महाविद्यालय अपने सामूहिक दायित्वों के निर्वाहन द्वारा अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं को उच्च स्तरीय शैक्षिक गुणवत्ता, बहुमुखी प्रतिभा संवर्द्धन, प्रतिस्पर्धात्मक चुनौतियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन एवं मूल्य-परक संस्कार देने हेतु निरन्तर प्रयत्नशील है।

**मुझे** विश्वास है कि हमारे विद्वान प्राध्यापक एवं कर्मठ सहयोगी अपने सम्पूर्ण समर्पण एवं निष्ठा से महाविद्यालय की प्रगति में निरन्तर सहभागी रहेंगे। जनपद के प्रबुद्धजन एवं अभिभावक अपने बहुमूल्य सुझावों एवं सहयोग से हमें उत्साहित तथा प्रेरित करेंगे।

**मैं**, महाविद्यालय को इस क्षेत्र में आगे ले जाने एवं मुख्य-पथ प्रदर्शक संस्था के रूप में स्थापित करने हेतु कालेज से जुड़े सभी सहित-साधकों का बहुमूल्य समर्थन प्राप्त करने में हार्दिक अभिलाषा एवम् उत्सुकता से प्रतीक्षारत् रहूँगा।

**शुभकामनाओं सहित,**

**Dear Students,**

The College Continues to be an esteemed confluence of learning in the dissemination of intellectual and scientific light among the students. It has ceaselessly and sincerely endeavoured to guide and morally empower the youth by simultaneously carving out for itself distinguished place in the field of education not only in the community of all colleges of the university but also in the educationally developing district of western U.P. Apart from traditional courses, new job oriented courses are also being efficiently run for public welfare and many more are proposed and in the process of seeing the light of the day. During the past few years the college has made significant progress and registered substantial improvement in the development of basic infrastructural facilities with a view to facilitating excellent academic advancement, original research aptitude apart from providing much needed platform for the best performance among the students in the midst of rising challenges of career build up.

It is my hope and trust that our learned professors and competent associates would continue to contribute as active stakeholders in Mahavidyalaya's ongoing march towards progress in all the areas of academics and administration through their whole hearted and enthusiastic participation. The enlightened guardians and the leading social lights would continue to act as torchbearers and motivate us by their invaluable suggestions and committed cooperation.

I, look forward to getting valued supporting hand of all the stakeholders associated with college in my sincere endeavour to take it forward and establish it as trendsetter-premier institution in the region.

**With best wishes,**

**Prof. C.M. Jain**

# वर्धमान कालेज, बिजनौर का संक्षिप्त परिचय

**वर्धमान कालेज,** किरतपुर-नजीबाबाद रोड पर स्वच्छ एवं सुखद वातावरण में स्थित है। इसकी स्थापना जनपद में उच्च शिक्षा की आवश्यकता-पूर्ति हेतु जुलाई 1960 में महाविद्यालय के आद्य प्राचार्य **डा. एस.आर. त्यागी** के सद्प्रयासों से बिजनौर नगर के सक्रिय समाजसेवी **श्रीमान आर.के. जैन** एवं उनके परमप्रिय अनुज **श्रीमान जे.पी. जैन** के महादान के फलस्वरूप हुई थी। महाविद्यालय का उद्घाटन तत्कालीन केन्द्रीय विद्युत एवं सिंचाई मंत्री **माननीय हाफिज़ मौ. इब्राहीम** के कर-कमलों द्वारा हुआ था।

आरम्भ में **बी.ए., बी.एस-सी.** तथा **बी.टी./बी.एड.** की कक्षाएँ प्रारम्भ हुई थीं। तब यह महाविद्यालय, **आगरा विश्वविद्यालय, आगरा** से सम्बद्ध था। महाविद्यालय प्रशासन की दृढ़ इच्छा-शक्ति तथा तत्परता के फलस्वरुप यह महाविद्यालय उत्तरोत्तर प्रगति कर रहा है और इस समय यह प्रदेश एवं विश्वविद्यालय के अग्रणी महाविद्यालयों की अग्रिम पंक्ति में स्थान रखता है। वर्तमान में महाविद्यालय के कला-संकाय में **हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, अर्थशास्त्र, इतिहास एवं भूगोल में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर की कक्षाओं के साथ-साथ स्नातक स्तर पर समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र एवं राजनीतिशास्त्र विषयों के अध्यापन की भी व्यवस्था है। विज्ञान संकाय में स्नातक स्तर पर गणित ग्रुप में भौतिकशास्त्र, रसायनशास्त्र, गणित अथवा सांख्यिकी तथा बायो. ग्रुप में जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान एवं रसायनशास्त्र** की कक्षाओं के साथ-साथ **भौतिक विज्ञान एवं गणित** विषय **में स्नातकोत्तर स्तर पर भी कक्षायें चल रही हैं। वाणिज्य-संकाय में बी.कॉम. एवं एम.कॉम. की कक्षायें भी संचालित की जा रही हैं** तथा **स्नातक स्तर के प्रथम वर्ष हेतु पर्यावरण विज्ञान एवं स्नातक स्तर के प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष हेतु खेल एवं शारीरिक शिक्षा की भी** व्यवस्था है।

**बी.एस-सी (कम्प्यूटर साईंस), एम.एस.-सी. (रसायनशास्त्र) एवं एम.एस.-सी. (जन्तु विज्ञान) की कक्षायें स्व-वित्तपोषित योजनांतर्गत चल रही हैं।** एन.सी.सी. एवं एन.एस.एस. की इकाईयाँ (Units) भी भली प्रकार चल रही हैं। महाविद्यालय में जैन विद्या-अध्ययन एवं अनुशीलन केन्द्र की स्थापना विद्वानों के निर्देशन में हुई है।

महाविद्यालय के पास पर्याप्त भवन, समृद्ध पुस्तकालय, सुव्यवस्थित प्रयोगशालाएँ तथा व्याख्यान-कक्षों में स्मार्ट बोर्ड की भी समुचित व्यवस्था है तथा महाविद्यालय सी.सी.टी.वी. कैमरों से भी सुसज्जित है जिसमें वनस्पति-उद्यान (Botanical Garden )एवं विशाल क्रीड़ा-स्थल है। सुयोग्य शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी हैं। महाविद्यालय का प्रबंधन-कुशल प्रबंध-समिति के हाथों में सुरक्षित है। कुशल प्रशासक **माननीय श्री के.पी.जैन** महाविद्यालय की प्रबन्ध-समिति के अध्यक्ष एवं **माननीय श्री मोहित जैन** श्री वर्धमान एज्यूकेशनल सोसायटी, दिल्ली के अवैतनिक सचिव हैं तथा **श्री अर्जुन साहू** महाविद्यालय की प्रबंध-समिति के अवैतनिक सचिव हैं जो कि महाविद्यालय की रचनात्मक गतिविधियों में भी विशेष रुचि रखते हैं। महाविद्यालय को उनकी बहुमुखी प्रतिभा का लाभ निरन्तर प्राप्त हो रहा है, वे प्रगतिशील विचारों के पोषक एवं महाविद्यालय के प्रति विशेष उदार हैं।

# VARDHAMAN COLLEGE, BIJNOR

## VISION

Vardhaman College, true to its (Vardhaman means 'having potential to grow') has been growing and growing in its ceaseless march to realize its vision that "Nothing that exits is as sacred as knowledge". "Learning is a continuous process" guides its faculty members, its students, and its managing body. It works to achieve excellence in higher education, empowerment through knowledge, inclusive growth for socio-economic challenge and sustainable development. In this regard, the College attained "Minority Status" as a "JAIN MINORITY INSTITUTION" in November, 2006.

## MISSION

1. To impart education at graduate and post graduate level in the faculty of arts, science, commerce and Teacher Education (B.Ed.).
2. To provide equal opportunities of higher education to both male and female students.
3. To inculcate human values such as Truth, Non-violence, Love and patience etc. among the students through the medium of education.
4. To evolve the feeling of patriotism and universal brotherhood by providing special class all moral values and to build up ideal citizens.
5. To develop social, economic, political, psychological and spiritual awareness among the students.
6. To awaken sense of accountability towards the nation.
7. To ascertain an educational system in order to fulfill the targets of education, and to impart vocational education.
8. To motivate the students to participate in the various contests like sports competitions and activities for physical education, and to make them capable of making their contribution in nation-building.
9. To work in the field of research, especially in the field of Jain philosophy.
10. To make progress in the development of Jain arts and culture.
11. To provide the facility of consultancy and guidance for the all round development of the students.

Thus, the mission of the College is to reach its goal of producing proficient, upright, and dedicated citizens for the nation.

# वर्धमान कॉलेज, बिजनौर

## विजन

महाविद्यालय अपने नाम को चरितार्थ करते हुए ( **वर्धमान का अर्थ है-"निरन्तर प्रगति करने की सामर्थ्य रखना"** ) लगातार प्रगति पथ पर अपने लक्ष्य की प्राप्ति हेतु अग्रसरित रहते हुए कि "प्रत्येक वस्तु जिसका अस्तित्व है वह उतनी ही पवित्र है जितना ज्ञान"। "सीखना सतत् प्रक्रिया है" का सिद्धांत महाविद्यालय के अध्यापकों, विद्यार्थियों एवं प्रबन्धतंत्र का मार्गदर्शन करता है। यह सिद्धांत उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता, ज्ञान के माध्यम से सशक्तिकरण तथा सामाजिक-आर्थिक चुनौती एवं स्थिर विकास को प्राप्त करने का कार्य करता है। इस सम्बन्ध में, महाविद्यालय ने **"जैन अल्पसंख्यक संस्था"** के रूप में नवम्बर 2006 में "अल्पसंख्यक दर्जा" प्राप्त कर लिया है।

## मिशन

1. महाविद्यालय में **कला, विज्ञान, वाणिज्य, अध्यापक शिक्षा** आदि संकायों में स्नातक स्तर के साथ-साथ स्नातकोत्तर स्तर पर भी शिक्षा प्रदान करना।
2. सहशिक्षा संस्था की स्थापना करके समान रूप से पुरुष एवं महिला विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्रदान करना।
3. विद्यार्थियों में सत्य, अहिंसा, प्रेम जैसे मानवीय मूल्यों की स्थापना- हेतु शिक्षा को माध्यम बनाना।
4. राष्ट्रप्रेम तथा विश्वबन्धुत्व की भावना उत्पन्न करना। आदर्श नागरिकों का निर्माण करना।
5. विद्यार्थियों में सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, मनोवैज्ञानिक चेतना तथा आध्यात्मिकता का विकास करना।
6. राष्ट्र के प्रति दायित्वबोध जागृत करना।
7. शिक्षा के उद्देश्यों की पूर्ति-हेतु शिक्षा-व्यवस्था सुनिश्चित करना तथा व्यावसायिक शिक्षा देना।
8. शारीरिक शिक्षा के लिए विभिन्न क्रीड़ाओं/खेलकूदों की प्रतियोगिताओं/स्पर्धाओं में भाग लेने हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित करना तथा राष्ट्र के निर्माण में सहयोग प्रदान करने हेतु सामर्थ्यवान् बनाना।
9. अनुसंधान, विशेषकर जैन दर्शन के क्षेत्र में कार्य करना।
10. जैन साहित्य, कला एवं सभ्यता के विकास में अग्रसर होना।
11. छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु परामर्श एवं दिशा-निर्देश देना।

इस प्रकार महाविद्यालय का दृष्टिकोण राष्ट्र के लिए कुशल, ईमानदार तथा समर्पित नागरिकों को तैयार करने का लक्ष्य है।

# महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधायें
# FACILITIES AVAILABLE IN OUR COLLEGE

**शोध (Research) :**

महाविद्यालय में हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, अर्थशास्त्र, इतिहास, भूगोल, समाजशास्त्र, भौतिकशास्त्र, गणित एवं वाणिज्य में शोध सुविधा उपलब्ध हैं। एम.जे.पी. रूहेलखण्ड वि.वि., बरेली के नियमों के अन्तर्गत छात्र/छात्रायें शोध हेतु विश्वविद्यालय में अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

**कौशल विकास कार्यक्रम (Skill Development Programme) :**

महाविद्यालय में शिक्षा का बेहतर माहौल तैयार करने के लिए स्तरीय एवं व्यवस्थित शिक्षण-व्यवस्था के साथ-साथ छात्र/छात्राओं में कौशल-विकास एवं प्रतियोगी दृष्टि विकसित करने हेतु कम्प्यूटर कोर्स, English Speaking Course एवं एड-ऑन सर्टिफिकेट कोर्सेज़ का भी संचालन आरम्भ किया जा चुका है। इसके माध्यम से प्रयास किया जा रहा है कि छात्र/छात्राएँ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए स्वयं को तैयार कर सकें एवं आत्मनिर्भर बन सकें।

**क्रीडा एवं खेलकूद (Sports & Games) :**

महाविद्यालय का अपना एक विशाल क्रीड़ा-स्थल एवं जिम है तथा विभिन्न प्रकार के खेलों-हॉकी, फुटबॉल, बॉलीबॉल, टेनिस, क्रिकेट, बैडमिंटन आदि की सुविधाएँ प्रदान की जाती हैं। बॉस्केटबॉल एवं बैडमिन्टन का पृथक से पक्का स्थायी कोर्ट है। छात्र/छात्रओं के बौद्धिक एवं व्यक्तित्व विकास हेतु क्रिकेट एकेडमी का गठन भी प्रस्तावित है।

**पुस्तकालय एवं वाचनालय (Library and Reading Room) :**

पुस्तकालय विभिन्न विषयों की पर्याप्त पुस्तकों से सुसज्जित है। पुस्तकें नियमित रूप से छात्रों को निर्गत की जाती हैं। कालेज में हिन्दी और अंग्रेजी समाचार-पत्र तथा पत्रिकाओं की समुचित व्यवस्था है।

**बुक- बैंक (Book-Bank) :**

महाविद्यालय में बुक बैंक द्वारा निर्धन, सर्वोत्तम खिलाड़ी एवं अध्ययनशील छात्र/छात्राओं को पूरे सत्र के लिए पुस्तकों की कीमत का 10% प्राप्त कर नियमानुसार पुस्तकें निर्गत की जाती हैं।

**संकाय एवं विषय-परिषदें (Faculty and Subject Councils) :**

महाविद्यालय में विभिन्न अभिरुचियों के विकास हेतु विषय-परिषदों तथा समितियों का गठन किया जाता है। यथा-हिन्दी-परिषद्, संस्कृत परिषद्, आंग्ल-परिषद, अर्थशास्त्र-परिषद्, समाजशास्त्र-परिषद्, शिक्षाशास्त्र-परिषद्, इतिहास-परिषद्, भूगोल-परिषद्, वाणिज्य-परिषद्, विज्ञान-परिषद् (बायो. ग्रुप), विज्ञान-परिषद् (गणित ग्रुप) के अन्तर्गत Ramanujan Mathematical Society, विज्ञान-परिषद् (रसायन ग्रुप) के अन्तर्गत CHEMICA तथा इसी क्रम में स्वामी विवेकानन्द व्यक्तित्व एवं कृतित्व विकास परिषद का भी गठन किया गया है। विषय के सभी विद्यार्थी संबंधित परिषद् के सदस्य होते हैं। प्रत्येक परिषद् विभिन्न विषयों पर भाषण, वाद-विवाद एवं निबंध प्रतियोगिताओं तथा विचार गोष्ठियों आदि का आयोजन समय-समय पर करती रहती हैं, जिससे छात्र/छात्राओं के व्यक्तित्व एवं बौद्धिक विकास होता है।

**राष्ट्रीय सेवा योजना (N.S.S.) :**

महाविद्यालय में स्नातक कक्षा के छात्र एवं छात्राओं के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना की व्यवस्था है। प्रवेश फार्म कार्यक्रम अधिकारी से प्राप्त किए जा सकते हैं। यह योजना वर्तमान शिक्षा-प्रणाली और जीवन की सार्थकता के बीच सामंजस्य स्थापित करने का एक प्रयास है। योजना का उद्देश्य समाजसेवा के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास एवं चरित्र-निर्माण है। सामान्य कार्यक्रम तथा विशेष शिविर हेतु छात्र एवं छात्राओं की संख्या विश्वविद्यालय के आदेशानुसार निर्धारित की जाती है।

**राष्ट्रीय कैडेट कोर (N.C.C.) :**

स्नातक स्तर की कक्षा के छात्र/छात्राओं हेतु महाविद्यालय में एन.सी.सी. की दो इकाई (Units) है। महाविद्यालय में प्रवेश-प्रक्रिया पूर्ण होते ही एन. सी.सी. लेने के इच्छुक छात्र/छात्रायें पंजीकरण फार्म एन.सी.सी. ऑफिसर लेफ्टिनेंट जे.के. विश्वकर्मा (प्रभारी-राजनीति विज्ञान विभाग) से प्राप्त कर सकते हैं। अन्य महाविद्यालयों से आने वाले एन.सी.सी. कैडिट प्रवेशार्थी अपने आवेदन-पत्र के साथ पूर्व का डिस्चार्ज सर्टिफिकेट अवश्य संलग्न करें।

**आवश्यक निर्देश:** छात्र/छात्राओं को एन.एस.एस. अथवा एन.सी.सी. अथवा खेल-कूद में से किसी एक क्षेत्र का चयन करना होगा।

**छात्र-प्रतिनिधित्व (Student Representation) :**

महाविद्यालय के प्रशासन में विद्यार्थियों का पूरा सहयोग लिया जाता है। क्रीड़ा-समिति, अनुशासन-समिति, छात्र सहायता कोष-समिति, पत्रिका सम्पादक मंडल तथा अन्य विविध रचनात्मक कार्यक्रमों में भी विद्यार्थियों का समुचित प्रतिनिधित्व रहता है। सुयोग्य छात्र-छात्राएँ पूर्व के प्रमाण-पत्रों सहित प्रवेश के तुरंत बाद विभाग प्रभारी के माध्यम से प्राचार्य महोदय से सम्पर्क करें।

**पुरस्कार, पदक एवं प्रमाण-पत्र (Awards, medals and certificates) :**

प्रतिभासम्पन्न छात्र/छात्राओं को संबंधित विषय-परिषदों द्वारा पुरस्कार दिए जाते हैं। जो विद्यार्थी विभिन्न कक्षाओं एवं विभिन्न विषयों में सर्वोच्च अंक प्राप्त करते हैं अथवा खेलकूद एवं व्यायाम आदि में विशेष रूचि रखते हैं और विशेष योग्यता दिखाते हैं, उन्हें महाविद्यालय द्वारा पुरस्कार, पदक तथा योग्यता प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाते हैं। विश्वविद्यालय की योग्यता सूची में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रबन्धतंत्र की ओर से पुरस्कार दिये जाने की व्यवस्था है।

**महाविद्यालय पत्रिका (College Magazine) :**

महाविद्यालय में वार्षिक पत्रिका **'वर्धमान'** प्रकाशित होती है। इसमें छात्र/छात्राओं तथा प्राध्यापकों के लेख प्रकाशित होते हैं। इस पत्रिका का सम्पादन एक समिति करती है, जिसमे प्राध्यापकों के साथ छात्र/छात्राएँ भी सम्मिलित होते हैं। कालेज पत्रिका के कुछ विशेषांक विशेष रूप से लोकप्रिय हुए हैं। इनमे स्व. श्री राजेन्द्र कुमार स्मृति अंक, वर्धमान महावीर अंक, बिजनौर जनपदीय अंक एवं स्वर्ण जयन्ती विशेषांक प्रमुख रूप से उल्लेखनीय हैं।

**चिकित्सीय सुविधा (Medical Facilities) :**

छात्र/छात्राओं के लिए महाविद्यालय में चिकित्सा हेतु एक चिकित्सा-कक्ष की स्थापना की गई है, जिसमें अंशकालिक चिकित्सक एवं औषधियों की व्यवस्था के साथ प्राथमिक चिकित्सा (First Aid) की यथाअनुकूल व्यवस्था रहती है।

**जलपान-गृह (Canteen) :**

महाविद्यालय में छात्र/छात्राओं के लिए जलपान-गृह (Canteen) की भी व्यवस्था है।

**साइकिल स्टैंड (Cycle Stand) :**

साइकिल/मोटरसाइकिल पर आने-वाले छात्र/छात्राओं के लिए साइकिल स्टैंड की सुविधा है। आगंतुकों को अपना वाहन महाविद्यालय में निर्धारित स्थल पर ही खड़ा करना अनिवार्य है तथा उनसे सहयोग की अपेक्षा है।

**पुरातन छात्र-छात्राओं की एसोसिएशन (Alumni Association) :**

महाविद्यालय में अपने पुरातन छात्र-छात्राओं की एसोसिएशन का गठन किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य पुरातन छात्रों और महाविद्यालय के वर्तमान छात्र एवं प्रशासन के मध्य निरन्तर सम्पर्क एवं अद्यावधि उपलब्ध जानकारियों के हित में अनेक महत्वपूर्ण प्रकरणों पर विचार सम्भव है तथा पुरातन छात्र-छात्राओं के अनुभव एवं सुझावों को महाविद्यालयी जीवन-चर्या में समावेश किया जा सके।

**शिकायत निवारण प्रकोष्ठ (Grievance Redressal Cell) :**

महाविद्यालय में शिकायत निवारण प्रकोष्ठ की भी स्थापना की गई है, जिसका मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय परिसर, शिक्षण एवं प्रशासन आदि से संबंधित सभी शिकायतों पर विचार करने की त्वरित एवं समुचित निवारण व्यवस्था सुनिश्चित करना है।

**अनुसंधान, परामर्श एवं विस्तार (Research, Consultation and Expansion) :**

महाविद्यालय के विभिन्न स्नातकोत्तर विभागों में अनुसंधान-प्रक्रिया, तत्संबंधी परामर्श एवं उसकी विस्तार-योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना एवं छात्रों में अनुसंधान के प्रति अभिरूचि उत्पन्न करना इस प्रकोष्ठ का मुख्य लक्ष्य है।

**गुणवत्ता सुधार समिति (Quality Improvement Committee) :**

महाविद्यालय में शैक्षिक, प्रशासनिक गुणवत्ता में निरन्तर सुधार-हेतु सुधार समिति का गठन किया गया है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत छात्रों द्वारा प्रतिक्रिया (Feedback) प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही किये जाने की व्यवस्था स्थापित की गई है।

**व्यवसाय-परामर्श प्रकोष्ठ (Career and Counselling Cell) :**

छात्र/छात्राओं को रोजगार सम्बन्धी सूचनायें देने के लिए और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए परामर्श एवं निर्देशन देने हेतु महाविद्यालय में एक रोजगार सूचना एवं परामर्श केन्द्र स्थापित किया गया है जो समय-समय पर योग्य वक्ताओं को आमन्त्रित कर अपने विद्यार्थियों को सम्बोधित कर नवीन उपलब्ध अवसरों से अवगत कराता है।

**महिला प्रकोष्ठ (Women Cell) :**

छात्राओं से सम्बन्धित समस्याओं के निवारण हेतु महाविद्यालय में एक महिला प्रकोष्ठ का भी गठन किया गया है जिसके अन्तर्गत छात्राओं को समाज एवं देश की मुख्य-धारा से जुड़ने एवं उनके अधिकारों हेतु जागरूक करने के लिये समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम कराये जाते हैं।

**शारीरिक शिक्षा (Physical Education) :**

निदेशालय द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम/निर्देशों के अनुसार ही व्यवस्था है। अध्यापन-कार्य का समय प्रतिदिन (अवकाश के दिनों को छोड़कर) अपराह्न 2.30 बजे से सायं 4:00 बजे तक होगा। इसके पश्चात् क्रियात्मक खेल-कूद का समय रहता है। शारीरिक शिक्षा की कक्षाएँ समय-सारिणी के अनुसार चलायी जाती हैं।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम (Cultural Programme) :**

विभिन्न संकायों द्वारा छात्रों की सांस्कृतिक अभिरूचि को दृष्टिगत रखते हुए वाद-विवाद प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता, कवि सम्मलेन आदि का आयोजन किया जाता है। सामान्यत: प्रतिवर्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं वार्षिक खेलकूद समारोह भी महाविद्यालय द्वारा आयोजित किये जाते हैं।

**Facilities of E-Journal & E-Books :**

महाविद्यालय में शिक्षकों एवं छात्र/छात्राओं के ज्ञानवर्धन के लिए U.G.C.-INFONET Digital Library Consortium के माध्यम से E-Journal & E-Books की सुविधा दी जाती है। इसमें शिक्षकों एवं छात्र/छात्राओं को Login की सुविधा प्रदान की जाती है।

# शैक्षिक सत्र 2020-21 हेतु शैक्षणिक पाठ्यक्रम

## राज्य सरकार द्वारा वित्त-पोषित अनुदानित पाठ्यक्रम

### स्नातक स्तर के त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम

**बी.ए./बी.एस-सी./बी.कॉम.-प्रथम वर्ष हेतु अनिवार्य पाठ्यक्रम - (i) खेल और शारीरिक शिक्षा**
**(ii) पर्यावरण विज्ञान**

**बी.ए./बी.एस-सी./बी.कॉम.-द्वितीय वर्ष हेतु अनिवार्य पाठ्यक्रम- खेल और शारीरिक शिक्षा**

**बी.ए./बी.एस-सी./बी.कॉम.-तृतीय वर्ष हेतु अनिवार्य पाठ्यक्रम- खेल और शारीरिक शिक्षा**

### बी.ए.-प्रथम वर्ष (720 Seat) :

1. **अनिवार्य विषयः** सामान्य हिन्दी अथवा सामान्य अंग्रेजी
2. निम्नांकित विषयों में से **केवल तीन विषय ही एच्छिक विषयों (Optional Subjects) के रूप में लिये जा सकते हैं-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (i) | हिन्दी साहित्य | 240 | (vi) | शिक्षाशास्त्र | 240 |
| (ii) | अंग्रेजी साहित्य | 320 | (vii) | राजनीतिशास्त्र | 80 |
| (iii) | संस्कृत | 80 | (viii) | इतिहास | 320 |
| (iv) | अर्थशास्त्र | 320 | (ix) | भूगोल | 160 |
| (v) | समाजशास्त्र | 480 | | | |

**Note:** 1. A candidate shall not be permitted to take more than one literature subject and not more than one Practical subject as his/her core subject.

2. Applicant will not be permitted to change the subjects on a later date.

### बी.एस-सी. ( गणित ग्रुप ) प्रथम वर्ष (320 Seat) :

**भौतिकशास्त्र, रसायनशास्त्र एवं गणित अथवा भौतिक शास्त्र, सांख्यिकी एवं गणित**

### बी.एस-सी. (बायो. ग्रुप)- प्रथम वर्ष (240 Seat) :

**वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान एवं रसायन शास्त्र**

### बी. कॉम. (प्रथम वर्ष) (240 Seat) :

**(i) Group-A (I. Business Communication & II. Business Statistics)**
**(ii) Group-B (I. Financial Accounting & II. Business Regulatory Framework)**
**(iii) Group-C (I. Business Economics & II. Business Environment)**

# स्नातकोत्तर स्तर के द्विवर्षीय पाठ्यक्रम

**एम.ए.- पूर्वार्द्ध** ( भूगोल विषय में 60 सीट एवं अन्य सभी निम्नांकित प्रत्येक विषय में 80 सीट ) :

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (i) | हिन्दी | 80 सीट | (iv) | अर्थशास्त्र | 80 सीट |
| (ii) | अंग्रेजी | 80 सीट | (v) | इतिहास | 80 सीट |
| (iii) | संस्कृत | 80 सीट | (vi) | भूगोल | 60 सीट |

**एम.एस-सी. ( पूर्वार्द्ध ) :**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | भौतिकशास्त्र | 20 सीट |
| (ii) | गणित | 80 सीट |

**एम. कॉम.- पूर्वार्द्ध ( 80 Seat ) :**

(i) Management Concepts and Organizational Behaviour
(ii) Indian Economic Environment or E-Commerce
(iii) Human Resource Management
(iv) Statistical Analysis
(v) Accounting for Managerial Decisions
(vi) Marketing Management

**बी.एड. ( दो वर्षीय पाठ्यक्रम ) :**

**विश्वविद्यालयी सीट-25 एवं प्रबन्धकीय (Managment) सीट-25 के अन्तर्गत जैन अल्पसंख्यक छात्र/छात्राओं के Admission प्राथमिकता के आधार पर दिये जायेंगे।**

# स्व-वित्तपोषित पाठ्यक्रम (Self Financing Courses)

## बी.एस-सी. ( कम्प्यूटर साइंस ) - प्रथम वर्ष (60 Seat)

**इस पाठ्यक्रम में प्रवेश (Admission) हेतु गणित विषय के साथ इण्टरमीडिएट में न्यूनतम 45% अंक होना अनिवार्य है। पाठ्यक्रम के विषय निम्न प्रकार हैं-**

**विषय-** (i) Basic Science & Humanities (BSH)
(Ii) Computer Application (CA)
(Iii) Computer System Design & Maintenance (CSDM)

## एम.एस-सी ( रसायनशास्त्र ) - पूर्वार्द्ध

**विश्वविद्यालयी सीट -25 एवं प्रबन्धकीय (Managment) सीट-5**

## एम.एस-सी ( जन्तु विज्ञान ) - पूर्वार्द्ध

**विश्वविद्यालयी सीट - 17 एवं प्रबन्धकीय (Managment) सीट-3**

# महाविद्यालय में रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की उपलब्धता
# Add-on Career Oriented Courses Available in the College

महाविद्यालय सभी संकायों के इच्छुक विद्यार्थियों को उनके द्वारा चयनित परम्परागत पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त व्यक्तित्त्व विकास एवं रोजगार में सहायता प्रदान करने वाले बहुउपयोगी 'रोजगारपरक' पाठ्यक्रमों की कक्षाएँ भी आयोजित करता है। इन सभी उपयोगी पाठ्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ–साथ रोजगार अथवा स्वरोजगार सुनिश्चित करने हेतु अतिरिक्त ज्ञान प्रदान करना है, जिससे छात्र–छात्राएँ शिक्षा प्राप्ति के पश्चात् प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु स्वयं को तैयार कर पाएँ।

### उपयोगिता एवं लाभ :

इस प्रकार अपने द्वारा चुने गये रोजगारपरक पाठ्यक्रम पूर्ण करने के उपरान्त विद्यार्थी शिक्षा से सुनिश्चित रोजगार की यात्रा सुगमता से पार कर सकेंगे और अपने स्वपनों के रोजगार (Dream Job) को पा सकेंगे। महाविद्यालय में उपलब्ध इन रोजगारपरक पाठ्यक्रमों में इच्छुक विद्यार्थी अपनी सुविधानुसार स्नातक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय अथवा स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध या उत्तरार्द्ध की कक्षाओं में अध्ययन करते हुए आवेदन कर सकता है। रोजगारपरक प्रमाण–पत्र पाठ्यक्रम के उपरान्त विद्यार्थियों को निश्चित रूप से समाज में बेहतर ज्ञान कौशल के सहारे जीवन में वांछित स्थान प्राप्त होगा तथा वह समाज में एक आदर्श व्यक्तित्त्व के रूप में भी स्थापित होंगे।

The college provides unique opportunity to all the desirous students of all streams to upgrade their knowledge beyond the conventional courses opted by them. The objective of these courses is to help the students to get extra knowledge required for getting jobs in job market after the completion of their education.

**Advantages:**

By joining any course of choice student will be better equipped with confidence and knowledge that will lead him to employability. Any desirous student can opt for any course of his choice and become the beneficiary in job market. Training received through such a course will definitely transform the perception and the personality of student in such a way that he/she would be different from others and a face in the crowd. Such a course can be pursued together with existing education.

### 1. वाणी कौशल एवं व्यक्तित्त्व विकास प्रमाण–पत्र पाठ्यक्रम : (Certificate Course in Communication Skills and Personality Development )

उपरोक्त पाठ्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वाणी कौशल एवं व्यक्तित्त्व के विकास को इस प्रकार सुनिश्चित करना है, जिससे कि वह अंग्रेजी भाषा पढ़ने–लिखने एवं समझने के साथ–साथ बोलने में भी आत्मविश्वास प्राप्त कर सके तथा अंग्रेजी भाषा का उपयोग करते हुए अपनी बात को Verbal and Non-verbal, दोनों विधियों से सशक्त एवं आकर्षक ढंग से प्रस्तुत कर सके।

The objective of communication skills and personality development course is to groom the student for enhancing and strengthening his hold over skills in writing-reading understanding and speaking English language together with attractive presentation skills involving the use of body or non verbal communication based on forceful representation of etiquettes. There will be following two papers under the course.

### Papers to be taught

1. **Functional Grammar**
   Tenses, sentence formation, parts of speech, synonyms, antonyms, idioms, homophones, homonyms, voice and modals.
2. **Professional writing**
   Letter, application, curriculum vitae, e-mail, resume writing.
3. **Communication skills and personality development**
   Art of public speaking, presentation strategies, self introduction, group discussion, mock interviews, storytelling, role plays, office etiquettes.

| Duration of Course : 6 Months | Timing : 02 to 05 p.m. | Total Fee : Rs. 3000/- only | Total Seat : 60 |
|---|---|---|---|

## 2. 'जी.एस.टी. एवं आयकर सिद्धान्तों'' में प्रमाण–पत्र पाठ्यक्रम :
## (Certificate course in Principles and Practices of GST & Income Tax)

जी.एस.टी. एवं आयकर प्रमाण–पत्र पाठ्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नवागत् 'वस्तु एवं सेवाकर' एवं आयकर कानूनों को अवगत् कराते हुए प्रभावकारी प्रशिक्षण प्रदान करना है। इसके साथ ही विद्यार्थियों को उपरोक्त पाठ्यक्रम के माध्यम से जी.एस.टी. व आयकर सलाहकार बनने में आवश्यक ज्ञान से सुसज्जित एवं सशक्त करना है। पाठ्यक्रम जी.एस.टी. एवं आयकर कानूनों में बदलाव से सम्बन्धित सामयिक व विशेषज्ञ ज्ञान की जानकारी देने के साथ–साथ विविध आयकरदाताओं के आयकर विवरणी दाखिल करने में अपनाये जाने वाले नियमों से भी अवगत कराया जायेगा। पाठ्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा उपरान्त त्वरित रोजगार हेतु तैयार करना है।

उपयोगिता एवं लाभ :

इस पाठ्यक्रम की उपयोगिता विद्यार्थियों को इस शिक्षा के द्वारा जी.एस.टी. एवं आयकर विषय का विशेषज्ञ बनाकर सम्मानजनक स्वरोजगार करते हुए धनोपार्जन करने में सक्षम बनाना है, जिससे कि विद्यार्थी समाज की मुख्य धारा में रहते हुए अपने परिवार सहित प्रगति पथ पर सतत् चलता रहे।

पाठ्यक्रम : 1. वस्तु एवं सेवाकर (GST) 2. आयकर नियम एवं कानून 3. प्रशिक्षण उपरान्त कार्य अनुभव

This course has been designed in order to teach and train the students about the newly introduced tax system GST and Income Tax laws. The purpose of this course is to empower the students with knowledge required to become GST professional and Income Tax consultant as well. It provides specialized and updated knowledge in the area of GST and also how to file Income Tax returns for different categories of assesses. The motive of the course is to acquaint students with current knowledge of GST and Income Tax procedures.

### Benefits of the course :

The benefits of this course is to enable the students to get accounts related job work and become **GST and Income tax professional**. This will help in career growth and add value to their qualification.

**Course papers : (i) Goods and Service Tax (GST) (ii) Income Tax laws (iii) Internship.**

| Duration of Course : 6 Months | Timing : 01 to 03 p.m. | Total Fee : Rs. 3000/- only | Total Seat : 60 |
|---|---|---|---|

## 3. हिन्दी पत्रकारिता :

**उद्देश्यः** हिन्दी पत्रकारिता एक ऐसा विषय है, जिसकी जरूरत आज के प्रत्येक उस युवा को है, जो देश के चौथे स्तम्भ को अपने परिश्रम से सींच कर लोकतंत्र की नींव को सुदृढ़ करना चाहता है। लोकतांत्रिक दृढ़ता के साथ आजीविका की समुचित व्यवस्था इस विषय में निहित है। सरकारी नौकरियों के लिए लगातार बढ़ती भीड़ के समानान्तर हमारी सरकार ने 'स्किल इण्डिया मिशन' जैसे कार्यक्रम शुरू किये हैं, जिसके माध्यम से युवाओं को अलग-अलग क्षेत्रों में कार्य–कुशल होने की प्रेरणा मिली है। यह कार्य–कुशलता युवाओं की आजीविका का आज सबसे बड़ा माध्यम है। फलतः हमारा महाविद्यालय भी इस सर्टिफिकेट कोर्स के माध्यम से ज्ञान के साथ पत्रकारिता–प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराकर, युवाओं को कार्य–कुशल होने का अवसर प्रदान कर रहा है, जिसके सहारे हमारे युवा, पत्रकारिता जैसे फलते–फूलते रोजगार को अपनी आजीविका बना सकेंगे। पत्रकारिता का क्षेत्र काफी विशद है, यहाँ प्रिंट मीडिया के तहत छापाखाने से लेकर, समाचार–संकलन, समाचार–सम्पादन, विज्ञापन, वितरण और इलैक्ट्रोनिक मीडिया के तहत कैमरामैन से लेकर, न्यूज रिपोर्टिंग, न्यूज एंकरिंग, वेबसाईट रिपोर्टिंग आदि अनेक क्षेत्र हैं, जहाँ ससम्मान नौकरी प्राप्त की जा सकती है।

### पत्रकारिता विषय के अध्ययन का महत्व :

1. रोजगार की असीम सम्भावना
2. लोकप्रिय रोजगार के साथ सामाजिक प्रतिष्ठा
3. प्रशासन और आम जनता के बीच सेतु का कार्य।
4. खोजी पत्रकारिता के माध्यम से विशेष विषयों को उठाकर राष्ट्र–हित एवं
5. प्रेस कानून का ज्ञान

### प्रश्न–पत्र विवरण :

| | | |
|---|---|---|
| **प्रथम प्रश्न–पत्र** | : | हिन्दी पत्रकारिता – ऐतिहासिक संदर्भ एवं विकास–प्रक्रिया |
| **द्वितीय प्रश्न–पत्र** | : | हिन्दी पत्रकारिता – प्रिंट व इलैक्ट्रोनिक मीडिया और प्रेस–विधि |
| **तृतीय प्रश्न–पत्र** | : | व्यावहारिक पत्रकारिता एवं प्रशिक्षण (Training) |
| **चतुर्थ प्रश्न–पत्र** | : | परियोजना कार्य (Project work) एवं मौखिकी |

| Duration of Course : 6 Months | Timing : 03 to 05 p.m. | Total Fee : Rs. 3000/- only | Total Seat : 60 |
|---|---|---|---|

## 4. "मानसिक योग्यता एवं सामान्य अध्ययन" प्रमाण–पत्र पाठ्यक्रम : (Certificate Course in Mental Ability and General Studies)

### पाठ्यक्रम के उद्देश्य :

उपरोक्त पाठ्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक योग्यता एवं सामान्य अध्ययन में विशेष रूप से प्रशिक्षित करना है। इसके अन्तर्गत प्रत्येक प्रशिक्षार्थी को गणित विषय से सम्बन्धित बारीकियों को सूक्ष्म स्तर पर समझाना एवं उनके भावी लक्ष्य को निर्मित करना है। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों में आलोचनात्मक एवं समीक्षात्मक योग्यता एवं मौलिक चिन्तन की प्रवृत्ति को विकसित करते हुए, उनको समाज, देश एवं विश्व की तात्कालिक घटनाओं से अवगत कराना है, जिससे उनकी दृष्टि का परिष्कार हो सके, साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी के लिए उन्हें तैयार कराना है।

### पाठ्यक्रम के लाभ–

'रीजनिंग एवं सामान्य अध्ययन' किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में महत्त्वपूर्ण कारक होते हैं। TET, NET तथा S.S.C. एवं बैंक से सम्बन्धित परीक्षाएँ बिना रीजनिंग एवं सामान्य ज्ञान के उत्तीर्ण नहीं की जा सकती हैं। विद्यार्थियों में तर्क शक्ति का विकास तथा मौलिक चिन्तन को प्रोत्साहित करते हुए प्रसंगगत् पाठ्यक्रम की उपयोगिता को सुनिश्चित करना इस पाठ्यक्रम का महत्त्वपूर्ण ध्येय है। सीमित संसाधनों के दायरे में रहने वाले सभी विद्यार्थी कम समय में ही उपरोक्त पाठ्यक्रम से ज्ञान अर्जन कर, तुरन्त लाभान्वित हो सकते हैं।

पाठ्यक्रम : 1. रीजनिंग एण्ड टीचिंग एप्टीट्यूट 2. प्रारम्भिक गणित 3. सामान्य अध्ययन।

### Objectives of the Course :

This Course will provide knowledge to the students about reasoning and current affairs/general studies. It will run under the aegis of Add-on- courses with the following objectives

- To develop confidence with elementary mathematics among the students.
- To enable students to demonstrate various principles involved in solving mathematical problems and thereby reducing the time taken for performing job functions.
- To develop critical thinking & decision making.
- To develop quantitative reasoning skills.
- To develop teaching aptitude among the students.
- To develop cultural appreciation through the knowledge of general studies.
- To acquaint the students with the current events.

### Benefits of the Course :

- Reasoning and General Studies are the key factors of success for students preparing for various competitive exams. These are the part of NET, TET, SSC, Bank and other Competitive Exams.
- This course will lead to enhancement of Verbal and non verbal reasoning, teaching aptitude and general awareness to our surroundings, system and history of course that are the impressive bodies of knowledge which constitute major intellectual achievements.
- Through logical thinking we acquire a means of assessing and upgrading our ability to judge well. With this rationale in background, this course is designed to update students mental ability skills and general knowledge, so that they are able to think logically and form arguments.

**Course Papers** (i) Reasoning & Teaching Aptitude (ii) Elementary Mathematics (iii) General

| Duration of Course : 6 Months | Timing : 03 to 05 p.m. | Total Fee : Rs. 3300/- only | Total Seat : 60 |
|---|---|---|---|

## 5. "बेसिक कम्प्यूटर लर्निंग प्रोग्राम" सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम :
## Certificate Course in "Basic Computer Learning Programme"

पाठ्यक्रम के उद्देश्य :

बेसिक कम्प्यूटर लर्निंग प्रोग्राम का उद्देश्य कम्प्यूटर ज्ञान की आधारभूत अवधारणाओं को सीखना तथा कौशल विकास करना है, जिससे कि विद्यार्थी कम्प्यूटर प्रौद्योगिकी का प्रयोग दैनिक जीवन में अपनाकर अपने व अपने परिवार तथा समुदायों के लिये सामाजिक तथा आर्थिक अवसरों को विकसित कर सके।

बेसिक कम्प्यूटर लर्निंग प्रोग्राम के पाठ्यक्रम का उद्देश्य प्रारम्भिक डिजिटल साक्षरता कौशल प्रदान करना है, जिससे विद्यार्थी वह सभी कार्य कर सके, जिसके लिए उसे कम्प्यूटर कैफे और कम्प्यूटर विशेषज्ञों की सहायता लेनी पड़ती है। हमारी कोशिश है कि विद्यार्थी अपनी आवश्यकताओं से सम्बन्धित वह सभी कार्य कर सके, जो आज तक उसके लिए कठिन था।

यह डिजिटल साक्षरता, विद्यार्थियों को दिन–प्रतिदिन की गतिविधियों हेतु सुदृढ़ आधारभूत ज्ञान प्रदान करने में सहायक होगा।

पाठ्यक्रम के लाभ :

बेसिक कम्प्यूटर लर्निंग प्रोग्राम को सीखने के दौरान विद्यार्थी निम्नलिखित विषय से सम्बन्धित ज्ञान अर्जित करेगा –

- कम्प्यूटर का परिचय एवं हार्डवेयर / सॉफ़्टवेयर की जानकारी।
- ऑपरेटिंग सिस्टम द्वारा कम्प्यूटर का परिचालन।
- एम.एस. वर्ड प्रोसेसर द्वारा फाइलों का परिचालन।
- एम.एस. एक्सल एवं एम.एस. पावर पॉइंट द्वारा फाइलों का परिचालन।
- इन्टरनेट एवं वेब ब्राउजर का परिचय।
- ई–मेल एकाउन्ट खोलना एवं सम्बन्धित अन्य जानकारी।
- ऑन लाइन बैंकिंग एवं साइबर सुरक्षा।
- डिजिटल साक्षरता द्वारा वित्तीय लेन–देन।

**OBJECTIVE:**

- The objective of ***"Basic Computer Learning Programme"*** is to teach and assess basic computer concepts and skills so that student can use computer technology in everyday life to develop new social and economic opportunities for themselves, their families and their communities.
- The ***"Basic Computer Learning Programme"*** Curriculum provides introductory digital literacy skills to perform tasks for which Digital Literacy is a prerequisite. Digital Literacy will help you develop strong fundamentals of computers relevant for day to day activities. From using the Internet, to sending e-mail, to creating a resume the Digital Literacy Curriculum helps you develop the essential skills you need to begin using computer with confidence.

  By undergoing the ***"Basic Computer Learning Programme"*** , Students should be able to acquire basic knowledge on computer & its usage by understanding the following skills/Papers.

**Benefits of the Course :**

- Introduction to Computer, Concept of Hardware & Software
- Operating Computer using GUI Based Operating System
- Create, Edit and Format documents using a Word Processor
- Elements of Spreadsheet & Power-Point Presentation
- Introduction to Internet , WWW and Web Browser
- Register for a web-based e-mail account, Opening of e-mail attachments
- Digital Literacy to understand the concept of Online Banking & Cyber Security
- Financial Literacy

| Duration of Course : 6 Months | Timing : 03 to 05 p.m. | Total Fee : Rs. 3000/- only | Total Seat : 60 |
|---|---|---|---|

नोटः महाविद्यालय में संचालित रोजगार परक पाठ्यक्रमों में से यदि किसी भी पाठ्यक्रम में कोई भी विद्यार्थी प्रवेश लेना चाहता है तो उस दशा में यह आवेदन–पत्र Rs. 10/- के भुगतान पर काउण्टर सं. 11 से प्राप्त किया जा सकता है, को पूर्णरुप से भरकर विलम्बत् दिनांक 10 सितम्बर, 2020 तक काउण्टर संख्या–11 पर जमा करा दें। इस तिथि के उपरान्त सम्बन्धित पाठ्यक्रमों के समन्वयकों द्वारा प्रवेश प्रक्रिया हेतु आपको सूचित कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर ली जायेगी।

## "महाविद्यालय में प्रवेश (Admission) लेने के इच्छुक विद्यार्थियों हेतु आवश्यक सूचना"

1. **शैक्षिक सत्र 2020-21 हेतु स्नातक स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों जैसे बी.ए./बी.एस-सी./बी.कॉम./बी.एस.सी. ( कम्प्यूटर साईंस ) की प्रथम वर्ष की कक्षाओं में प्रवेश (Admission) हेतु विश्वविद्यालय द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार छात्र/छात्राओं को विश्वविद्यालय की वेबसाइट-www.mjpru.ac.in/Online Admission19 पर ऑन-लाईन पंजीकरण करना होगा, पंजीकरण शुल्क Rs. 100/- मात्र निर्धारित है जो किसी भी बैंक के डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिग के माध्यम से किया जा सकता है। विस्तृत विवरण/निर्देश विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mjpru.ac.in/Online Admission 20 पर उपलब्ध है, प्रवेश हेतु ऑन लाईन पंजीकरण प्रारम्भ होने की तिथि-02.05.2020 विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित की गई है तदुपरान्त उक्त संदर्भित कक्षाओं में शैक्षिक सत्र 2020-21 में प्रवेश (Admission) के सम्बन्ध में इच्छित महाविद्यालय ( वर्धमान कालेज, बिजनौर ) से प्रवेश विवरणिका (Prospectus) लेना होगा तथा प्रवेश हेतु आवेदन-पत्र ( सभी आवश्यक/निर्धारित संलग्नकों सहित ) पंजीकरण की मुद्रित प्रति के साथ विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि तक महाविद्यालय में जमा करना होगा, उक्त से सम्बन्धित सम्बन्धित सूचना महाविद्यालय के सूचना-पट ( Notice Board) पर यथा-समय चस्पा कर दी जायेगी। नित्य प्रति महाविद्यालय का सूचना-पट (Notice Board) पढ़ते रहें।**
2. एम.कॉम. पूर्वार्द्ध में विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित प्रश्न पत्रों में से महाविद्यालय द्वारा सुनिश्चित प्रश्न पत्रों में ही शिक्षण किया जायेगा। प्रोजेक्ट रिपोर्ट का वैकल्पिक प्रश्न पत्र केवल एम.कॉम. पूर्वार्द्ध में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले संस्थागत विद्यार्थियों हेतु ही है। इसके चयन करने वाले विद्यार्थी को वैकल्पिक ग्रुप का एक प्रश्न पत्र छोड़ना होगा।
3. B.A./B.Sc./B.Com. के द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष, एम.एस-सी.(भौतिक विज्ञान)-उत्तरार्द्ध, एम.एस.सी. (रसायनशास्त्र)-उत्तरार्द्ध, एम.एस.सी. (गणित)-उत्तरार्द्ध, एम.एस.सी.(जन्तु विज्ञान)-उत्तरार्द्ध एवं बी.एड. द्वितीय वर्ष की कक्षाओं में प्रवेश (Admission) महाविद्यालय की प्रवेश-समिति द्वारा सीधे (Direct) ही किये जायेंगे जिससे सम्बन्धित सूचना महाविद्यालय के सूचना-पट (Notice Board) पर यथा-समय चस्पा कर दी जायेगी। नित्य प्रति महाविद्यालय का सूचना-पट (Notice Board) पढ़ते रहें।
4. एम.एस.सी.(भौतिक विज्ञान)-पूर्वार्द्ध, एम.एस.सी. (रसायनशास्त्र)-पूर्वार्द्ध, एम.एस.सी. (गणित)-पूर्वार्द्ध, एम.एस.सी. (जन्तु विज्ञान)-पूर्वार्द्ध एवं बी.एड.-प्रथम वर्ष की कक्षाओं में प्रवेश (Admission) विश्वविद्यालय द्वारा तैयार कराई गई योग्यता सूची के आधार पर विश्वविद्यालय के निर्देशों के अन्तर्गत ही किये जायेंगे जिससे सम्बन्धित सूचना महाविद्यालय के सूचना-पट (Notice Board) पर यथा-समय चस्पा कर दी जायेगी। नित्य प्रति महाविद्यालय का सूचना-पट (Notice Board) पढ़ते रहें।
5. प्रवेश-समिति द्वारा प्रवेश शुल्क जमा करने हेतु अनुमति-पत्र/फीस स्लिप निर्गत की जायेगी।
6. प्रत्येक छात्र/छात्रा को प्रवेश अनुमति पत्र/फीस स्लिप लेकर निर्दिष्ट समय-सीमा के अन्तर्गत प्रवेश-शुल्क केनरा बैंक, रेलवे स्टेशन चौराहा, किरतपुर रोड बिजनौर में बैंक चार्जेज के साथ 03 दिन की अवधि (तीन कार्य दिवस) में जमा करना होगा। फीस जमा करने की निर्दिष्ट समय-सीमा/तिथि समाप्ति के उपरान्त किसी भी छात्र/छात्रा के प्रवेश पर विचार नहीं किया जायेगा।
7. प्रवेश शुल्क जमा करने के बाद ही प्रत्येक छात्र/छात्रा को महाविद्यालय द्वारा परिचय-पत्र (Identity Card) निर्गत कर दिया जायेगा। महाविद्यालय में बिना प्रवेश-पत्र के प्रवेश पूर्णत: प्रतिबन्धित है।
8. प्रवेश-शुल्क जमा करने के उपरांत प्रवेश-स्लिप का एक भाग (प्रतिपर्ण), विषय-प्राध्यापक के समक्ष प्रस्तुत करके छात्र/छात्राएँ व्याख्यान-पंजिका में अपना नाम अवश्य ही अंकित करा दें।
9. समस्त कक्षायें विभागाध्यक्षों द्वारा निर्धारित समय-सारिणी के अनुरूप ही क्रियान्वित होगी। अत: सभी विद्यार्थी अनिवार्य रूप से समय-सारणी (Time Table ) का विशेष रूप से ध्यान रखें।
   (ब) यदि कोई छात्र/छात्रा जिसने किसी भी स्नातक अथवा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश ले लिया है और तदन्तर वह प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रम को पूर्ण किए बिना उसे अधूरा छोड़कर अन्य किसी पाठ्यक्रम में प्रवेश लेता है, तो छात्र/छात्रा के पूर्व के स्नातक/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम का प्रवेश स्वतः निरस्त हो जाएगा एवं शुल्क वापस नहीं होगा। परन्तु यदि कोई छात्र/छात्रा स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष उत्तीर्ण करने के पश्चात मात्र बी.एड./डी.एल.एड./बी.पी.एड. में प्रवेश पाता है तो उसे पूर्व के पाठ्यक्रम को पूर्ण करने हेतु अनुमति प्रदान की जायेगी। परन्तु पाठ्यक्रम पूर्ण करने की अवधि का विस्तार नहीं किया जायेगा।

9. जो विद्यार्थी किसी अन्य विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रम की परीक्षा के पार्ट (भाग एक, दो अथवा तीन) की परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो गये हैं उन्हें इस विश्वविद्यालय में प्रवेश अनुमत नहीं होगा, किन्तु विश्वविद्यालय उन विद्यार्थियों को स्नातक की अगली उच्च कक्षा में प्रवेश के लिए अनुमत कर सकता है जिन्होंने पूर्व कक्षा किसी अन्य मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण की हो परन्तु यह प्रवेश निम्न के अधीन होगा–

(क) सम्बन्धित विषय की पाठ्यक्रम समिति (बोर्ड ऑफ स्टडीज) के संयोजक एवं सम्बन्धित संकाय के अधिष्ठाता की संस्तुति और प्रवेश समिति के अनुमोदन के पश्चात छात्र को प्रवेश दिया जायेगा और प्रवेश के समय उल्लिखित शर्तों को पूरा करना होगा।

(ख) ऐसे विद्यार्थी विश्वविद्यालय के निर्धारित स्नातक पाठ्यक्रमों में ही अध्ययन कर सकेंगे।

(ग) यह नियम स्नातकोत्तर, प्रबन्धन विधि अभियान्त्रिकी कक्षाओं पर लागू नहीं होगा।

(घ) किसी अन्य विश्वविद्यालय में अनुचित साधन प्रयोग (नकल) में दण्डित छात्र का प्रवेश किसी भी पाठ्यक्रम में नहीं होगा।

10. जिन विद्यार्थियों ने अदीब/अदीब–ए–माहिर/अदीब–ए–कामिल/फाजिल उत्तीर्ण किया है वे (10+2) होने पर स्नातक एवं (10+2+3) होने पर ही परास्नातक में प्रवेश हेतु अर्ह होंगे।

11. (क) जिन विद्यार्थियों ने किसी भी स्नातक/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के किसी भी वर्ष की परीक्षा व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में उत्तीर्ण की है उसे उसी पाठ्यक्रम की अगली कक्षा में नियमित प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

(ख) एक विषय से स्नातक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्रों को संस्थागत रूप में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। किन्तु प्रयोगात्मक विषय वाले छात्र को प्राचार्य की अनुमति से कक्षा में पढ़ने की अनुमति होगी किन्तु वह संस्थागत छात्र नहीं माना जाएगा और ऐसे छात्रों की संख्या स्वीकृत कुल सीटों की संख्या के अतिरिक्त मानी जायेगी अर्थात ये स्थान अधिसंख्य होंगे, ऐसे छात्र संस्थागत परीक्षा फार्म भरेंगे। एक विषय में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी अपने पूर्व के स्ट्रीम में ही प्रवेश/परीक्षा दे सकेंगे।

12. स्नातकोत्तर स्तर के समस्त विषयों में प्रवेश हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता स्नातक स्तर की परीक्षा 45 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना होगी। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों (जिनका जाति प्रमाण–पत्र अनिवार्य रूप से संलग्न हो) के लिए 45 प्रतिशत प्राप्तांकों (स्नातक स्तर की परीक्षा में) की बाध्यता नहीं होगी।

13. बी.एड./एम.एड./एम.एस–सी./एल.एल.एम./बी.ई./बी.टेक./कक्षाओं में प्रवेश सम्मिलित प्रवेश परीक्षा के द्वारा होंगे। जब तक राज्य सरकार अथवा विश्वविद्यालय की प्रवेश समिति कोई अन्य प्रवेश प्रक्रिया निर्धारित न करें।

14. इस विश्वविद्यालय या किसी अन्य विश्वविद्यालय में पी.एच.–डी. के लिये पंजीकृत विद्यार्थी इस विश्वविद्यालय के अन्य किसी उपाधि पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए तब तक अर्ह नहीं होंगे जब तक वह अपना शोध ग्रन्थ सम्बन्धित विश्वविद्यालय में जमा नहीं कर देते हैं तथा प्रव्रजन प्रमाण–पत्र विश्वविद्यालय में जमा नहीं करते।

15. विश्वविद्यालय परिसर और इस विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के किसी पाठ्यक्रम में दूसरे विश्वविद्यालय के छात्रों को प्रवेश की अनुमति तब तक नहीं होगी जब तक वह पाठयक्रम समतुल्य समिति/संकायाध्यक्ष से अनुमोदित नहीं हो। ऐसे पाठ्यक्रमों में प्रवेश जिसका अनुमोदन समतुल्य समिति/संकायाध्यक्ष द्वारा अनुमोदित नहीं किया गया है, में प्रवेश देने के लिए जिम्मेदार व्यक्ति उसके सुनिश्चित परिणामों (आर्थिक, छात्रों का अहित आदि) के लिए व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे।

16. जिस छात्र ने स्नातकोत्तर उपाधि पहले से ही संस्थागत या व्यक्तिगत रूप से अर्जित कर ली हो, उसको नियमित अर्थात संस्थागत छात्र के रूप में एल.एल.एम./एम.एड./MSW/एप्लाइड क्लीनिक साइकोलॉजी को छोड़कर अन्य स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

17. विदेशी छात्र जब तक विश्वविद्यालय से प्राप्त अपेक्षित पात्रता–प्रमाण पत्र और समस्त विश्वासी अभिलेख जनपद के पुलिस विभाग एवं गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निकासी प्रमाण सहित कालेज के समक्ष प्रस्तुत नहीं करता है तब तक उसे किसी भी कालेज के द्वारा किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। यही नियम विश्वविद्यालय परिसर में स्थित विभागों पर समान रूप से लागू होगा।

18. एम.एस–सी. (सभी विषय) एवं एम.ए. (गणित, भूगोल, मनोविज्ञान, संगीत, चित्रकला, गृह विज्ञान) में प्रवेश के लिये निम्न अतिरिक्त नियम निहित होगा।

(क) निर्धारित संख्या (स्वीकृत सीटों) से अधिक विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं दिया जायेगा अन्यथा महाविद्यालय तथा उसके प्राचार्य के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

(ख) स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए न्यूनतम पात्रता शर्त उपयुक्त नियमों के अनुसार त्रिवर्षीय बी.एस–सी. और बी.ए. परीक्षा में द्वितीय श्रेणी के अंक (45 प्रतिशत से किसी भी दशा में कम न हो) और एम.एस–सी./एम.ए. सम्बन्धित ऐच्छिक विषय जिसमें प्रवेश चाहता है उसमें 45 प्रतिशत अंक होना चाहिए। अनुसूचित जाति/जनजाति के अभ्यर्थियों (जिनका जाति प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से संलग्न होगा) को नियमानुसार 5 प्रतिशत प्राप्तांकों की छूट होगी अर्थत उनके लिए 40 प्रतिशत होगा।

(ग) छात्र एम.एस–सी., एम.ए. में प्रवेश के लिए उन्हीं विषयों में आवेदन कर सकता है जिन विषयों में उसने स्नातक अन्तिम स्तर पर एक प्रमुख विषय के रूप में परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

(घ) 1. एल.एल.बी. त्रिवर्षीय/एल.एल.बी. पंचवर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु अर्हता परीक्षा में न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक होने चाहिये। बार काउन्सिल ऑफ इण्डिया द्वारा प्राविधानित नियम III Rules of Legal Education के त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओ.बी.सी.) हेतु प्रवेश की न्यूनतम अर्हता 42 प्रतिशत निर्धारित की गयी है, अतः सामान्य जाति हेतु 45 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु 42 प्रतिशत, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति हेतु 40 प्रतिशत प्राप्त अंक प्रवेश की न्यूनतम अर्हता रहेगी।

2. प्रवेश में शासनादेश के अनुसार सभी पाठ्यक्रमों में आरक्षण अनुमन्य होगा। सभी वर्गों में छात्राओं को 20: क्षैतिज आरक्षण प्रदान किया जायेगा।

3. बार कौंसिल ऑफ इण्डिया (बी.सी.आई.) द्वारा जारी चैप्टर–II स्टैंडर्ड ऑफ प्रोफेशनल लीगल एजुकेशन के रूल–10 का अनुपालन सभी महाविद्यालयों द्वारा किया जाना आवश्यक है। इस नियम का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाये।

(च) मास्टर ऑफ लॉ (एल.एल.–एम.) डिग्री पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए वे विद्यार्थी अर्ह होंगे जिन्होंने इस विश्वविद्यालय अथवा किसी अन्य विश्वविद्यालय जो इस विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त हैं, की एल.एल.–बी. (त्रिवर्षीय)/एल.एल.बी. (पाँच वर्षीय) डिग्री प्राप्त की हो। एल.एल.एम. प्रथम वर्ष पाठ्यक्रम में प्रवेश लिखित प्रवेश परीक्षा के आधार पर योग्यता सूची द्वारा किया जायेगा।

(छ) एल.एल.बी. पाठ्यक्रम के एक सेक्शन में 60 से अधिक विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

19. (क) विश्वविद्यालय परीक्षा में अभद्र व्यवहार करने वाले विद्यार्थियों की शिकायत प्राप्त होने पर उन्हें किसी भी महाविद्यालय अथवा परिसर के किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

(ख) वह विद्यार्थी जो पुलिस अभिलेखों के अनुसार हिस्ट्रीशीटर है अथवा अपराध में दोषी सिद्ध पाया गया है अथवा किसी अपराधिक मुकदमें में शामिल है, को किसी भी महाविद्यालय में प्रवेश नहीं दिया जायेगा और यदि पहले से प्रवेश पा चुका है तो उसका प्रवेश किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त हो जायेगा।

(ग) महाविद्यालयों के प्राचार्य और विश्वविद्यालय के कुलपति महाविद्यालय और विश्वविद्यालय में अनुशासन बनाये रखने की दृष्टि से किसी भी अभ्यर्थी के प्रवेश अथवा पुनः प्रवेश को बिना कोई कारण बताये निरस्त कर सकते हैं, मना कर सकते हैं भले ही मामला जैसा भी हो।

(घ) किसी भी महाविद्यालय में नियमों के विरूद्ध विद्यार्थियों के किए गये प्रवेश मान्य नहीं होंगे। विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश हेतु स्वीकृत छात्र संख्या से अधिक प्रवेश को कुलपति द्वारा निरस्त करने का अधिकार होगा।

(ङ) जो विद्यार्थी प्राचार्य/प्राक्टोरियल स्टाफ सहित विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं सहपाठियों के साथ किसी भी प्रकार की हिंसा, गुण्डागीरी, रैगिंग अथवा विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के अधिकारी वर्ग के प्रति निन्दनीय वातावरण का सृजन करेगा उसका प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा तथा भविष्य में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

20. (क) बी.एड. और एम.एड. कक्षाओं में प्रवेश राज्य सरकार और एन.सी.टी.ई. द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार

होगा। विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रवेश के सामान्य नियम भी बी.एड. और एम.एड. के विद्यार्थियों पर लागू होंगे।

(ख) बी.एस–सी. (कृषि) के प्रथम वर्ष में प्रवेश योग्यता के आधार पर होगा। कृषि सहित इण्टरमीडिएट या इण्टरमीडिएट जीव विज्ञान (बायोग्रुप) न्यूनतम योग्यता होगी। ऐसे प्रवेशार्थी जिन्होंने इण्टरमीडिएट विज्ञान (गणित ग्रुप) से उत्तीर्ण किया है उनके प्रवेश पर भी विचार किया जायेगा लेकिन उनकी योग्यता का आगणन उनकी योग्यता सूची से 5 प्रतिशत अंक घटाकर किया जायेगा।

स्पष्टीकरण– गणित विषय की यह शर्त व्यक्तिगत विद्यार्थियों पर भी लागू होगी।

(ग) बी.सी.ए. पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अर्हता इण्टरमीडिएट गणित विषय होगी।

21. एम.कॉम. प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए प्रवेशार्थी को बी.कॉम. परीक्षा 45 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए नियमानुसार 5 प्रतिशत अंकों की छूट अनुमन्य होगी। ऐसे प्रवेशार्थी जिन्होंने बी.ए./बी.एस–सी. अर्थशास्त्र अथवा गणित प्रमुख विषय के रूप में सहायक/गौण विषय के रूप में नहीं लिया है, को एम.काम. प्रथम वर्ष में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी परन्तु जिन अभ्यर्थियों ने बी.ए. /बी.एस–सी. में अर्थशास्त्र अथवा गणित विषय उत्तीर्ण किया है उन्हें प्रवेश की अनुमति दी जायेगी। यह नियम संस्थागत छात्रों पर ही लागू होगा।। बी.काम. या एम.काम. में किसी प्रकार के डिप्लोमा चाहे वह बोर्ड ऑफ एजूकेशन, उत्तर प्रदेश अथवा अन्य किसी बोर्ड से पास किया हो, के आधार पर छात्र प्रवेश का पात्र नहीं माना जायेगा। इस प्रकार के डिप्लोमा को मान्यता प्रदान करने वाले पूर्व के सभी निर्णयों को निरस्त माना जायेगा।

22. बी.बी.ए. और बी.सी.ए. विश्वविद्यालय के अन्य स्नातक उपाधियों के समतुल्य हैं। बी.बी.ए. परीक्षा उत्तीर्ण प्रवेशार्थी एम.काम. और एम.ए. अर्थशास्त्र और बी.सी.ए. परीक्षा उत्तीर्ण प्रवेशार्थी एम.एस–सी. गणित और कम्प्यूटर साइंस में भी प्रवेश के लिए अर्ह होंगे। बी.बी.ए./बी.सी.ए. का विद्यार्थी भी किसी भी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम अथवा विश्वविद्यालय के अन्य किसी भी पाठ्यक्रम में जिसकी न्यूनतम योग्यता स्नातक है, प्रवेश के लिए अर्ह होंगे।

23. बाहर के विश्वविद्यालय के एक उपवेशन (सिटिंग) में स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी इस विश्वविद्यालय के किसी भी पाठ्यक्रम में अध्ययन के लिए पात्र नहीं होंगे।

24. जिन विद्यार्थियों ने जामिया–उर्दू, अलीगढ़ से अबीब कामिल परीक्षा उत्तीर्ण की है, वे इस विश्वविद्यालय के किसी भी अध्ययन/पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अर्ह नहीं होंगे।

25. जिन अभ्यर्थियों ने यू.पी. बोर्ड एवं विश्वविद्यालय द्वारा मान्य अन्य किसी बोर्ड से इण्टरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की है तो उन्हें स्नातक कक्षाओं में प्रवेश की अनुमति दी जायेगी।

26. उ.प्र. माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद, संस्कृत भवन, लखनऊ द्वारा संचालित उत्तर मध्यमा परीक्षा को इण्टर के समकक्ष मानते हुए स्नातक में प्रवेश हेतु अर्ह माना गया है।

27. जिन विद्यार्थियों ने सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी से मध्यमा परीक्षा और शास्त्री परीक्षा उत्तीर्ण की है वे क्रमशः बी.ए. एवं एम.ए. संस्कृत विषय में प्रवेश प्राप्त करने के लिए अर्ह होंगे।

स्पष्टीकरण–सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी की शास्त्री एवं संस्कृत के उपाधि प्राप्त छात्र बी.एड. में प्रवेश हेतु अर्ह हैं। शिक्षण विषय हेतु हिन्दी, संस्कृत एवं शास्त्री उपाधि में जो विषय होंगे उन्हीं विषय में शिक्षण कार्य भी कर सकेंगे।

28. बाह्य विश्वविद्यालय से स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण छात्र का नाम स्नातक में अतिरिक्त एकल विषय के लिए नामांकन विचारणीय नहीं होगा। इस विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण छात्र अपने ही स्ट्रीम में एकल विषय की परीक्षा दे सकते हैं।

29. किसी विद्यार्थी को विश्वविद्यालय की किसी परीक्षा में बैठने के लिए अनुमत तब तक नहीं किया जायेगा जब तक वह अपनी पूर्व कक्षा/वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर लेता है। महाविद्यालय/विभाग परीक्षा फार्म अस्थायी/अनन्तिम रूप से प्रवेश प्राप्त परीक्षार्थियों का परीक्षा फार्म पूर्व कक्षा/वर्ष के परीक्षा परिणाम को सत्यापित किये बिना अग्रसारित नहीं करेंगे।

30. जिन पाठ्यक्रमों में प्रवेश, परीक्षा के माध्यम से होगा उन पाठ्यक्रमों में सीधे प्रवेश की अनुमति नहीं होगी अर्थात जो अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित नहीं हुआ है, वह किसी भी दशा में प्रवेश का पात्र नहीं होगा।

31. प्रवेश समिति दिनांक–05.03.2002 के बिन्दु संख्या 6(1) के अन्तर्गत लिया गया निर्णय निम्नवत है:–"सामान्य रूप से निश्चय किया गया कि जिन पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश किये जाते हैं उनकी योग्यता सूची, मात्र प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर ही तैयार की जायेगी।"

32. बी.टेक. एवं बी.फार्मा. उत्तीर्ण छात्र एल.एल.बी. में प्रवेश हेतु अर्ह होंगे।

33. प्रवेश समिति दिनांक–10.04.2018 के निर्णयानुरूप विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सभी महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय परिसर के उन समस्त पाठ्यक्रमों में जो प्रवेश परीक्षा से आबद्ध नहीं हैं, विश्वविद्यालय स्तर पर व्दसपदम त्महपेजतंजपवद प्रणाली द्वारा प्रवेश प्रक्रिया अपनायी जायेगी। प्रवेश के इच्छुक प्रत्येक विद्यार्थी को विश्वविद्यालय के पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। पंजीकरण के उपरान्त सम्बन्धित महाविद्यालय/महाविद्यालयों में अपने पंजीकरण का प्रिन्ट आउट फोटो प्रति पूर्ण तथा सारी रिक्त प्रविष्टियों को स्वयं भरकर समस्त अंकतालिका एवं समस्त प्रमाण–पत्रों की फोटो प्रति संलग्न कर जमा करना होगा। सम्बन्धित महाविद्यालय योग्यता सूची तैयार कर विश्वविद्यालय के नियमानुसार विद्यार्थियों को प्रवेश देने की प्रक्रिया अपनायेंगे।

34. बी.पी.एड. एवं बी.एल.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश, प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होंगे।

35. विश्वविद्यालय में विभिन्न विषयों में पी.एच.–डी. के छात्र जो किसी कारण से एक कोर्स वर्क में शामिल नहीं हो सके अथवा अनुत्तीर्ण हो गये उन्हें अगले कोर्स वर्क में सम्मिलित होने का अवसर दिया जायेगा।

36. बी.काम. प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु वही नियम लागू होंगे जोकि सामान्य बी.काम. पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिये निर्धारित हैं।

## खण्ड–'ख'

**विशेष निर्देश:–**

1. **धर्म जाति और लिंग के भेदभाव बिना प्राप्तांकों के प्रतिशत के आधार पर श्रेष्ठता सूची से प्रवेश लिये जायेंगे (महिला महाविद्यालयों को छोड़कर)।**

2. उत्तर प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग–2, लखनऊ के शासनादेश संख्या 1191/सत्तर–2–2010–3(58)/79 दिनांक–11.06.2010 के अनुसार निजी संस्थाओं को छोड़कर सहायता प्राप्त अशासकीय महाविद्यालयों/ संस्थाओं एवं राजकीय महाविद्यालयों/संस्थाओं में संचालित समस्त पाठ्यक्रमों में लम्बवत् आरक्षण एवं क्षैतिज आरक्षण निम्नानुसार लागू होगा–

**(i) लम्बवत् आरक्षण :**

पिछड़ा वर्ग : समस्त सीटों का 27 प्रतिशत
अनुसूचित जाति : समस्त सीटों का 21 प्रतिशत
अनुसूचित जनजाति : समस्त सीटों का 2 प्रतिशत

**(ii) क्षैतिज आरक्षण :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| क | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित के लिए | : | प्रत्येक पाठ्यक्रमानुसार समस्त प्रवेश सीटों का अधिकतम 2 प्रतिशत |
| ख | उत्तर प्रदेश के सेवानिवृत्त अथवा अपंग रक्षा कर्मियों अथवा युद्ध में मारे गये रक्षा कर्मियों अथवा उत्तर प्रदेश में तैनात रक्षा कर्मियों के पुत्र/पुत्रियों को | : | प्रत्येक पाठ्यक्रमानुसार समस्त प्रवेश सीटों का अधिकत 5 प्रतिशत |
| ग | शारीरिक रूप से निःशक्तजनों के लिए | : | प्रत्येक पाठ्यक्रमानुसार समस्त प्रवेश सीटों का अधिकतम 3 प्रतिशत |
| घ | महिलाओं के लिए | : | प्रत्येक पाठ्यक्रमानुसार समस्त प्रवेश सीटों का अधिकतम 20 प्रतिशत |

3. एम.एस–सी. प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को काउन्सिलिंग के आधार पर सम्पूर्ण पाठ्यक्रम के लिए सीट आवंटित होती है। अतः इनमें प्रवेश स्थानान्तरण के संबंध में प्राचार्य कोई अनापत्ति विश्वविद्यालय को प्रेषित नहीं करेंगे। काउन्सिलिंग के आधार पर आवंटित सीटें एक संस्थान से दूसरी संस्थान में स्थानान्तरित नहीं होगी।

4. शासकीय सेवारत कर्मचारियों के पुत्र/पुत्रियों को उनके पिता के स्थानान्तरण, छात्रा के विवाह, माता–पिता के स्वर्गवास की स्थिति में अन्तिम निवास में रहने हेतु अन्य विश्वविद्यालय के छात्र/छात्राओं एवं संबद्ध महाविद्यालयों के छात्र/छात्राओं का प्रवेश स्थानान्तरण के आधार पर अनुमन्य होगा।

5. प्रवेश के लिए ज्येष्ठता सूची तैयार करते समय प्रतिवर्ष के अन्तराल के 02 अंक घटाकर प्रवेश योग्यता सूची (मैरिट) तैयार की जायेगी। जिन परीक्षार्थियों ने सत्र 2016–17 में इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण की है और उन्होंने स्नातक प्रथम वर्ष (संस्थागत) में जुलाई 2020 में प्रवेश ले लिया है, इसी प्रकार सत्र 2016–17 में स्नातक उत्तीर्ण किया है और जुलाई 2020 में परास्नातक में प्रवेश लिया है, उनके परीक्षा आवेदन पत्र 03 वर्ष से अधिक अन्तराल के आधार पर निरस्त नहीं किये जायेंगे, उन्हें सत्र 2020–21 की मुख्य परीक्षा में अनुमत किया जाये।

6. ऐसा कोई छात्र स्नातक पाठ्यक्रम के प्रवेश के लिए पात्र नहीं होगा जिसने 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की हो। स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश हेतु 10+2+3 परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। शोध कक्षाओं यथा एम.फिल. एवं पी.एच–डी. में प्रवेश हेतु भी छात्र का 10+2+3 के अन्तर्गत शिक्षा प्राप्त होना अनिवार्य है।

7. मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय की सूची संलग्न है। सामान्यतः महाविद्यालय के विषयों की कक्षा में प्रति सेक्शन 60 छात्रों को ही प्रवेश दिये जायेंगे और विशेष परिस्थिति में कुलपति महोदय 60 के स्थान पर 80 छात्रों के प्रवेश की अनुमति दे सकते हैं या विषय की सम्बद्धता के पत्र में अंकित संख्या तक ही प्रवेश दिये जा सकते हैं। शासन एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त किये बिना किसी भी महाविद्यालय द्वारा कोई प्रवेश नहीं किया जायेगा।

8. प्रवेश हेतु तैयार की गई मेरिट सूची में निम्न विशिष्ट योग्यताओं के अतिरिक्त भारांक प्रदान किये जायेंगे–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (अ) | (i) | राष्ट्रीय अथवा अन्तर विश्वविद्यालय, खेल–कूद प्रतियोगिता में भागीदारी और खेल–कूद में विशिष्ट उपलब्धियों के लिए भारांक | 10 अंक |
| | (ii) | विश्वविद्यालय टीम में प्रतिनिधित्व | 05 अंक |
| (ब) | | विश्वविद्यालय/सम्बद्ध महाविद्यालय के (सेवारत, सेवानिवृत्त) कर्मचारियों के पुत्र/पुत्री/पति/पत्नी | 10 अंक |
| (स) | (i) | एन.सी.सी. के "सी" प्रमाण–पत्र अथवा "जी I " प्रमाण–पत्र | 10 अंक |
| | (ii) | "बी" और "जी I" प्रमाण–पत्र के लिए | 05 अंक |
| (द) | (i) | एन.एस.एस. के दो शिविर पूर्ण करने तथा 240 घंटे की सेवायें | 15 अंक |
| | (ii) | एन.एस.एस. का एक शिविर तथा 240 घंटे की सेवायें | 10 अंक |
| | (iii) | केवल 240 घंटे की सेवायें | 05 अंक |
| (य) | (i) | 12वीं कक्षा स्तर तक स्काउट/गाइड तृतीय सोपान परीक्षा उत्तीर्ण करने पर | 05 अंक |
| | (ii) | प्रदेश के राज्यपाल द्वारा पुरस्कृत | 10 अंक |
| | (iii) | भारत के राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत | 15 अंक |
| | (iv) | रोवर्स/रेंजर्स निपुण परीक्षा उत्तीर्ण | 10, 05 अंक |

**नोटः** किसी भी स्थिति में किसी भी छात्र को 10 अंक से अधिक भारांक नहीं दिये जायेंगे। शैक्षिक योग्यता के आधार पर प्रदत्त श्रेणी की मान्यता यथावत रहेगी–अर्थात् भारांक के आधार पर प्रभावित नहीं होगी। स्नातकोत्तर स्तर पर प्रवेश हेतु मात्र स्नातक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के सापेक्ष भारांक ही अनुमन्य होंगे। इसके अतिरिक्त क्रमांक स,द और य में से केवल एक मद ही स्वीकार्य होगा।

9. स्पोर्टस कोटे के अन्तर्गत राष्ट्रीय अथवा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर एक खिलाड़ी के प्रवेश हेतु प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर कुलपति महोदय द्वारा प्रवेश हेतु विशेष अनुमति दी जा सकती है परन्तु यह नियम प्रवेश परीक्षा के माध्यम से सम्पन्न होने वाले प्रवेश पर लागू नहीं होगी अर्थात जहाँ प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश किये जायेंगे, उन पर प्रवेश के लिये कुलपति अनुमति नहीं देंगे।

**स्पष्टीकरण**– बी.एड. और एम.एड. कक्षाओं में प्रवेश राज्य सरकार और एन.सी.टी.ई. द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार होगा। बी.एड. व एम.एड. तथा रोजगार–परक पाठ्यक्रम के प्रवेश पर स्पोर्ट्स कोटा मान्य नहीं होगा।

10. परास्नातक कक्षा में प्रवेश हेतु उसी विषय में प्रवेश लिया जा सकेगा जिन विषयों में उसने स्नातक की उपाधि प्राप्त की हो एवं अन्तिम वर्ष में जो विषय चुने गये हों। परास्नातक कक्षा में प्रवेश हेतु योग्यता सूची छात्र के स्नातक के तीनों वर्ष के प्राप्तांक (प्रायोगिक परीक्षा को छोड़कर) तथा जिस विषय में प्रवेश चाहता है उसके अंक को सम्मिलित करते हुए योग्यता सूची तैयार की जायेगी।

बी.कॉम. प्रथम वर्ष में प्रवेश उन छात्रों को दिये जायेंगे जिन्होंने इण्टरमीडिएट (कक्षा–12) अथवा समतुल्य परीक्षा कामर्स से उत्तीर्ण की हो। इसके अतिरिक्त स्वीकृत सीटों के सापेक्ष यदि कुछ सीटें रिक्त रह जाती हैं तो शेष सीटों पर अन्य वर्ग (गणित सहित) एवं गणित के छात्र उपलब्ध न होने पर अर्थशास्त्र विषय से इण्टर से उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं के प्रवेश स्वीकृत किये जायेंगे।

ऐसे छात्र जिन्होंने इण्टरमीडिएट परीक्षा विज्ञान, वाणिज्य एवं कृषि से उत्तीर्ण की है एवं बी.ए. में प्रवेश चाहते हैं उनके 5 अंक घटाकर योग्यता सूची तैयार की जायेगी तथा निर्धारित सीमा के अन्दर ही प्रवेश अनुमन्य किये जायेंगे।

11. प्राचार्य किसी भी छात्र को संस्था के हित में एवं अनुशासन बनाने के उद्देश्य के लिए बिना कारण बताये प्रवेश के लिए मना कर सकते हैं। किसी भी छात्र का प्रवेश नियमों के विपरीत पाये जाने पर कुलपति/प्राचार्य उसे निरस्त कर सकते हैं।

12. ऐसे छात्र जिन्होंने स्नातक उपाधि अन्य किसी विश्वविद्यालय से प्राप्त की हो वह इस विश्वविद्यालय से एकल विषय ब्रिज कोर्स की परीक्षा के लिए अर्ह नहीं होंगे।

13. M.A. कक्षा में 10 प्रतिशत सीटें नॉन–स्ट्रीम के लिए आरक्षित होंगी। नॉन–स्ट्रीम के अन्तर्गत भूगोल, संगीत, चित्रकला, गृहविज्ञान, मनोविज्ञान आदि विषयों में प्रवेश मान्य नहीं होंगे। एम.ए. नॉन–स्ट्रीम के अन्तर्गत प्रवेश हेतु विज्ञान, वाणिज्य, विधि के स्नातक छात्र ही मान्य होंगे। अर्थात बी.ए. उत्तीर्ण छात्र "नॉन स्ट्रीम" के अन्तर्गत नहीं आएगा। यदि किसी छात्र ने बी.ए. तृतीय वर्ष में अमुक विषय नहीं पढ़ा है तो वह अमुक विषय के लिए नॉन–स्ट्रीम नहीं होगा।

14. छात्र जिस श्रेणी (अर्थात सामान्य शुल्क, भुगतान शुल्क, अप्रवासी भारतीय (NRI) शुल्क एवं स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम वाली सीटों) में प्रवेश लेता है तो वह उसी श्रेणी में पूरे पाठ्यक्रम में अध्ययन करेगा। यह श्रेणी अपरिवर्तनीय होगी। सामान्यतः किसी भी श्रेणी से दूसरी श्रेणी में प्रवेश स्थानान्तरण अनुमन्य नहीं होगा।

15. जिन पाठ्यक्रमों में किसी सक्षम संविधिक निकाय, समिति/अधिकारी से अनुमोदन आवश्यक है उसे प्राप्त करने के बाद ही प्रवेश दिया जाये।

16. स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के छात्रों का स्थानान्तरण राजकीय महाविद्यालय एवं सहायता प्राप्त अनुदानित महाविद्यालय में नहीं हो सकता है किन्तु राजकीय महाविद्यालय एवं सहायता प्राप्त अनुदानित महाविद्यालयों के छात्रों का स्थानान्तरण स्ववित्तपोषित महाविद्यालय में हो सकता है।

स्थानान्तरण के लिए छात्र कारणों का उल्लेख करते हुए दोनों महाविद्यालयों के प्राचार्यों की अनापत्ति के साथ विश्वविद्यालय में आवेदन करेगा। विश्वविद्यालय के अनुमोदन के पश्चात् ही स्थानान्तरण अनुमन्य होंगे अन्यथा की स्थिति में गलत प्रवेश देने के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य स्वयं जिम्मेदार होंगे और विश्वविद्यालय ऐसे स्थानान्तरित छात्र की परीक्षा सम्पन्न नहीं कराएगा। सम्बन्धित महाविद्यालयों के प्राचार्य स्थानान्तरण हेतु अनापूर्ति विश्वविद्यालय को तभी प्रेषित करेंगे जब प्रवेश नियमावली के बिन्दु संख्या–4 की शर्तें पूरी हो रही हों।

स्पष्टीकरण– यदि कोई स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम राजकीय या सहायता प्राप्त अनुदानित महाविद्यालय में चल रहा

है तो स्ववित्तपोषित महाविद्यालय के छात्र का स्थानान्तरण उपरोक्त महाविद्यालय में हो सकेगा। बिन्दु संख्या 04 की शर्तें उक्त स्थानान्तरण पर भी लागू होगी।

17. विश्वविद्यालय परिसर में चल रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों के प्रवेश सम्बन्धित विभाग में उपलब्ध नियमों के अनुरूप किये जायेंगे।

18. डिप्लोमा एवं पी.जी. डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने हेतु क्रमशः इण्टरमीडिएट एवं स्नातक परीक्षा में न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक अनिवार्य हैं। अनुसूचित जाति/जनजाति के अभ्यर्थियों को नियमानुसार 5 प्रतिशत अंकों की छूट होगी।

19. महाविद्यालयों में चल रहे विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में न्यूनतम प्रवेश संख्या 10 होगी। न्यूनतम प्रवेश संख्या पूर्ण न होने की स्थिति में पाठ्यक्रम संचालित किये जाने की अनुमति प्रदान किया जाना सम्भव नहीं होगा, साथ ही अधिकतम प्रवेश संख्या 40 निर्धारित की जाती है, इससे अधिक प्रवेश किसी भी स्थिति में अनुमन्य नहीं होंगे।

20. जो भी छात्र संस्थागत रूप में प्रवेश लेता है और वह कहीं पर सरकारी या गैर सरकारी नौकरी कर रहा है तो वह अपने नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करेगा और साथ ही साथ पाठ्यक्रम की अवधि दौरान छुट्टी लेगा अन्यता की स्थिति में प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।

    यदि यह तथ्य छात्र छुपाता है और अध्ययन के दौरान विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के संज्ञान में बात आती है तो उसे परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।

21. परीक्षा समिति की बैठक दिनांक–26.07.2013 के पूरक कार्यवृत्त संख्या–4 पर लिये गये निर्णयानुसार इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, (इग्नू) नई दिल्ली, उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय (यू.पी. आर.टी.ओ. यू.), प्रयागराज एवं अन्य प्रदेशों की राज्य सरकारों द्वारा अपने प्रदेश में स्थापित मुक्त विश्वविद्यालय जो ए.आई.यू. से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों की सूची में उल्लिखित हैं, उन विश्वविद्यालयों से उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को प्रवेश/परीक्षा फार्म भरने हेतु अर्ह माना जाये साथ ही निर्णय लिया गया कि इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से 10+2 की परीक्षा उत्तीर्ण किये बिना 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर बी.पी.पी. के अन्तर्गत उत्तीर्ण स्नातक परीक्षा से संबंधित छात्रों का प्रवेश/व्यक्तिगत परीक्षा फार्म भरवाने संबंधी कार्यवाही न की जाये।

22. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली के पत्रांक–एफ. 5–1/2008 (सीपीपी–11) दिनांक–शून्य.05.2009 के द्वारा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी) (NIT) को भारत सरकार के अधिनियम एन.आई.टी. एक्ट 2007 के अन्तर्गत राष्ट्रीय महत्व के संस्थान घोषित किया गया है। तद्नुसार उन्हें डिग्री देने हेतु अधिकृत किया गया है, इनसे प्राप्त उपाधि का प्रवेश विश्वविद्यालय में हो सकेगा (प्रवेश समिति की बैठक दिनांक–31.08.2012 द्वारा अनुमोदित)।

23. प्रवेश नियमावली में जहाँ–जहाँ न्यूनतम अंकों को योग्यता के लिए निर्धारित किया गया है उनमें कोई शिथिलता प्रदान नहीं की जाएगी अर्थात यदि प्रवेश हेतु 45 प्रतिशत अंक मान्य हैं तो 44.9 प्रतिशत अंक मान्य नहीं होगा।

**कुलसचिव**

## शैक्षणिक सत्र 2019-20 में प्रवेश के लिए पंजीकरण हेतु अभ्यर्थियों के लिए आवेदन-पत्र भरने सम्बन्धी आवश्यक दिशा निर्देश

1. शैक्षिणिक सत्र 2019-20 में प्रवेश के लिए पंजीकरण हेतु आवेदन-पत्र को भरने के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mjpruonline.in पर UG registration के लिंक पर क्लिक करें।
2. आवेदन पत्र भरने के पूर्व अभ्यर्थी के पास उनके कक्षा दसवीं अंक पत्र के साथ हालिया लिया हुआ पासपोर्ट साइज का फोटो और हस्ताक्षर scanned होना आवश्यक है।
3. अगर आप उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हैं और आपने इंटर की परीक्षा यू.पी. बोर्ड से उत्तीर्ण की है तो मूल निवास प्रमाण-पत्र भरने की बाध्यता नहीं है। किसी अन्य बोर्ड/प्रांत द्वारा इंटर परीक्षा उत्तीर्ण होने की स्थिति में यदि उत्तर प्रदेश में निवास प्रदर्शित किया हो तो प्रवेश प्रक्रिया के समय मूल निवास प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है।
4. सत्र 2019-20 में स्नातक स्तर पर प्रवेश के लिए पंजीकरण हेतु वर्ष 2019, 2018, 2017 एवं 2016 के उत्तीर्ण छात्र ही पात्र होंगे।
5. प्रवेश प्रक्रिया के लिए आवेदन, आवेदित कॉलेज या पाठ्यक्रम/विषय में प्रवेश का आश्वासन नहीं देता, आपकी वरीयता क्रमांक एवं विषयों में सीटों की उपलब्धता के आधार पर ही प्रवेश दिए जायेंगे।
6. अन्य किसी भी तरह के भारांक (वेटेज) का लाभ लेने के लिए सम्बन्धित प्रमाण-पत्र होना आवश्यक है, प्रवेश के समय प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाने की स्थिति में आपको भारांक सम्बन्धी लाभ नहीं मिलेगा।
7. अभ्यर्थी अपने पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र को स्वयं भरें अथवा साइबर कैफ़े से भरवाने की स्थिति में स्वयं वहाँ उपस्थित रहे। आवेदन पत्र में किसी भी त्रुटि के लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।
8. UG Registration के लिंक पर क्लिक करने के पश्चात बारहवीं कक्षा के बोर्ड तथा वर्ष का सही चयन करते हुए अपना रोल नंबर डाले।
9. सही भरने के पश्चात आपको आवेदन पत्र प्राप्त होगा।
10. आवेदन-पत्र में मांगी गई सूचनाओं को ध्यान पूर्वक भरें। जन्म तिथि, लिंग, धर्म, मूल निवास, आरक्षण के विवरण की जाँच अपने कक्षा दसवीं के अंक पत्र एवं प्रमाण-पत्रों से अवश्य कर लें। आपके द्वारा दी गयी सूचना गलत पाए जाने पर आपका आवेदन रद्द किया जा सकता है।
11. आपके द्वारा भरे गए सम्पर्क विवरण तथा आपका स्थायी एवं पत्राचार का पता, मोबाइल नम्बर एवं ईमेल एड्रेस सही होना चाहिए। छात्र को अपना या अपने घर के किसी सदस्य के ही मोबाइल नम्बर एवं ईमेल आईडी भरना है। प्रवेश से सम्बन्धित सारी सूचनायें मोबाइल एवं ईमेल पर ही प्रेषित की जायेगी। गलत मोबाइल नम्बर या ईमेल आईडी देने की स्थिति में छात्र स्वयं प्रेषित सूचना से वंचित हो जायेंगे एवं आपके प्रवेश में कठिनाई आ सकती हैं। छात्र अपना पंजीकरण फॉर्म अपने सामने भरे एवं साइबर कैफे का मोबाइल नम्बर या ईमेल आइडी कदापि इस्तेमाल ना करें। एक मोबाइल नम्बर एवं ईमेल आईडी पर केवल एक नामांकन पंजीयन फॉर्म ही भरें जा सकते हैं।
12. आवेदन पत्र के विशिष्ट पहचान सेक्शन में अभ्यर्थी अपने दसवीं कक्षा के अंक पत्र का क्रमांक, अपना अनुक्रमांक, परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष एवं आधार कार्ड का नम्बर ध्यान पूर्वक भरें। इनका उपयोग योग्यता की वरीयता सूची में होता है गलत सूचना आपकी वरीयता सूची को प्रभावित कर सकती है। आधार के अन्तर्गत पंजीकृत होना वांछित है, अगर अभी आधार संख्या नहीं प्राप्त हुई हो तो आधार नामांकन संख्या प्राप्त करने का प्रयास करें।
13. अगले चरण में Educational Qualifications में आपके कक्षा दसवीं से सम्बन्धित सूचनाएँ माँगी गई है। सूचना भरते वक्त अपने अंक पत्र से अवश्य जाँच लें। इनका उपयोग योग्यता की वरीयता सूची में होता है, गलत सूचना आपकी वरीयता सूची को प्रभावित कर सकती है।
14. अगले चरण Photo/Document Upload के माध्यम से आप अपनी Scanned की गई पासपोर्ट साइज फोटो एवं हस्ताक्षर को अपलोड कर सकते हैं, बिना इनके अपलोड हुए आपका आवेदन पूर्ण नहीं होगा।
15. कोई भी त्रुटि होने की स्थिति में Submit Application करने से पहले आप उस पर जाकर त्रुटि को सुधार सकते हैं।
16. आवेदन पत्र के उपरोक्त प्रविष्टियाँ भरने के पश्चात आपके द्वारा दिए गए मोबाइल एवं ईमेल आईडी पर लॉग-इन पटल का यूजर आईडी एवं पासवर्ड भेजा जाएगा। प्राप्त आईडी एवं पासवर्ड को संभाल कर रखें, उनके उपयोग से आप अपने पंजीकरण लॉग-इन पटल में प्रवेश कर सकते हैं तथा अपने आवेदन पत्र को देख सकते हैं या आवेदन अपूर्ण होने की स्थिति में अंतिम तिथि से पूर्व उस पूरा कर सकते हैं।

17. आवेदन पत्र के अगले चरण Application Fee Payment के माध्यम से आप आवेदन शुल्क Rs. 100/- का ऑनलाइन भुगतान अपने डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, नेट बैकिंग से कर सकते हैं। ऑनलाइन भुगतान के अलावा कोई और विकल्प नहीं है। fee payment करने के लिए आपके मोबाइल नंबर पर भेजे गए पासवर्ड की आवश्यकता होगी। आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान सफल होने की स्थिति में ही आप अपने आवेदन को अगले चरण Submit the Application के माध्यम से पूर्णत: सबमिट कर सकते हैं। आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान असफल होने की स्थिति में आप 4 घंटे बाद पुन: कोशिश कर सकते हैं। आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान असफल होने के बावजूद आपका पैसा कट जाता है तो ऐसी स्थिति में आप अगले दिन दोपहर 2 बजे के बाद पुन: कोशिश कर सकते हैं। आपका कटा हुआ पैसा 3 से 5 दिनों के अंदर आपके खाते में वापस आ जायेगा। आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान प्राप्त नहीं होने की स्थिति में आपका आवेदन अपूर्ण माना जाएगा। एक बार जमा होने के बाद fees वापिस नहीं होगी।
18. View Application के माध्यम से आप अपने द्वारा पूर्ण रूप से भरे गए आवेदन पत्र को देख सकते हैं।
19. Download pdf के माध्यम से आप अपना आवेदन पत्र का प्रिंट निकाल सकते है।
20. आवेदन प्रिंट निकलने के पश्चात College/Course माध्यम से आपको पाठ्यक्रम एवं कॉलेज के चयन का चरण दिया जायेगा। पाठ्यक्रम एवं कॉलेज चयन के पूर्व कॉलेज में उपलब्ध विषयों एवं उनके सीटों को अवश्य जाँच लें। अभ्यर्थी अपनी अर्हता के अनुसार ही पाठ्यक्रम का चयन कर पाएंगे।

नोट: 1. संपूर्ण रूप से आवेदन पत्र सबमिट होने के पश्चात आवेदक को एक गोपनीय संख्या आवंटित की जाएगी जो मोबाइल पर मैसेज के माध्यम से एवं लॉग-इन पटल पर दर्शायी जाएगी। यह संख्या योग्यता सूची में नाम आने के पश्चात ही सम्बन्धित महाविद्यालय में दिखने पर वह महाविद्यालय प्रवेश सम्पुष्ट कर सकेगा। अत: इस संख्या प्रवेश से पूर्व गोपनीय रखना आवश्यक है।

2. आवेदन संपूर्ण रूप से सबमिट करने के पश्चात या कभी भी लॉग इन पटल में प्रवेश के उपरांत लॉग आउट करना न भूले। साइबर कैफ़े के संचालक भी इस बात का ख्याल रखें कि वो एक समय में एक ही छात्र का आवेदन भर सकते हैं, दूसरे आवेदन के पूर्व पहले आवेदक के लॉग इन पटल से लॉग आउट करना आवश्यक हैं।

**ध्यातव्य: कृपया प्रवेश नियमावली शैक्षणिक सत्र 2019-20 एवं उपरोक्त क्रम सं. 01 से 20 तक व नोट क्रमांक-1 एंव 2 को विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mjpruonline.in पर देख लें तथा ध्यानपूर्वक पढ़ ले एवं समझ लें।**

# Online Admission Process for Session 2019-20

Student will open the website of the University mjpru.ac.in and will click on "Online admission 2019-20" or student will open mjpruonline.ac.in for online registration.

A page will be opened containing tabs for UG admission Registration, PG admission registration, applicant login, college login, Admission rules etc.

For UG/PG registration, a student has to click on appropriate tab and fill the registration form.

The information to be filled on registration form for UG courses includes name, father's name, mother's name, date of birth, gender, religion, caste category, sub-category, domicile, address, class XII details (Board, roll number, passing year), aadhar number, mobile number and email address and will upload photograph and signature.

After filling the above information, a student may save his/her record or may proceed to pay the registration fee. In both the cases, a registration number will be issued to the candidate, which be displayed on the screen as well as will be sent on the registered mobile number of the candidate along with a password. This registration number can be used by the candidate to edit the record and pay the registration fee.

While proceeding to pay the registration fee, the candidate has to enter the password sent on his/her mobile number to complete the fee payment process.

No editing is possible after paying the registration fee.

After confirmation of paid registration fee from the bank, the candidate will be able to take print out of the complete registration form.

The printed registration form will be of two pages containing all the details filled by the candidate along with blank space in the form of blocks to fill college name, course, class XII stream, class XII marks obtained/maximum marks and weightage.

There will also be a advanced security code (QR code) printed on the registration form which will be unique for each student (needed to check-in the real candidate on the university admission portal).

After declaration of class XII results of various boards. A student can now submit the registration form (or photocopies of registration form) in any number of colleges or courses of his/her choice within the period declared by the university.

**ध्यातव्य: कृपया उपरोक्त को विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mjpruonline.in पर देख लें तथा ध्यानपूर्वक पढ़ ले तथा समझ लें।**

# COLLEGE PRIZES, AWARDS & SCHOLARSHIPS

**महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालयी परीक्षा में दक्षता के आधार पर एवं सह-पाठ्यचर्या सम्बन्धी गतिविधियों में निम्नांकित पुरस्कारों से छात्र/छात्राओं को सम्मानित किया जाता है।**

**Following Prizes are awarded by the college annually, based on highest Ranking in every year in University Main Examination or in Co-curricular activities.**

## FACULTY of ARTS

**SHRI R.K. JAIN MEMORIAL AWARD (Award will comprise Cash, Certificate & Medal):**

1. B.A. -IIIrd Year — For Securing highest aggregate marks of all years.
2. M.A. (Hindi)-Final — For Securing highest aggregate marks of Previous & Final year.
3. M.A. (English)-Final — For Securing highest aggregate marks of Previous & Final year.
4. M.A. (Sanskrit) -Final — For Securing highest aggregate marks of Previous & Final year.
5. M.A. (Economics)-Final — For Securing highest aggregate marks of Previous & Final year.
6. M.A. (History)-Final — For Securing highest aggregate marks of Previous & Final year.
7. M.A. (Geography)-Final — For Securing highest aggregate marks of Previous & Final year.

## FACULTY of SCIENCE

**SHRI J.P. JAIN MEMORIAL AWARD (Award will comprise Cash, Certificate & Medal):**

1. B.Sc.(Math Group)- IIIrd Year — For Securing highest aggregate marks of all years.
2. B.Sc. (Bio. Group)- IIIrd Year — For Securing highest aggregate marks of all years.
3. B.Sc.(Comp. Sc.)-IIIrd Year — For Securing highest aggregate marks of all years.
4. M.Sc.(Physics)-Final — For Securing highest aggregate marks of Previous & Final year.
5. M.Sc.(Chemistry)-Final — For Securing highest aggregate marks of Previous & Final year.
6. M.Sc. (Maths)-Final — For Securing highest aggregate marks of Previous & Final year.
7. M.Sc.(Zoology)-Final — For Securing highest aggregate marks of Previous & Final year.

## FACULTY of COMMERCE

**SHRI R.P. JAIN MEMORIAL AWARD (Award will comprise Cash, Certificate & Medal):**

1. B.Com. -IIIrd Year — For Securing highest aggregate marks of all years.
2. M.Com. -Final — For Securing highest aggregate marks in Prev. & Final year

## FACULTY of TEACHERS EDUCATION

**PRESIDENT'S AWARD (Award will comprise Cash, Certificate & Medal):**

1. B.Ed. -overall — For securing overall highest marks in Both years.

## SPECIAL PRIZES FOR OUTSTANDING ACHIEVEMENT

**PRINCIPAL'S SPECIAL PRIZE (Award will comprise Cash, Certificate & Medal):**

For Academic & Extra Curricular Achievement to one student of each faculty
(to be decided by the Academic council of the college).

**NOTE:**
To determine the highest percentage of marks in B.A., B.Sc. and B.com., M.A., M.Sc. and M.Com., the total aggregate on which the university awards the division shall be taken into consideration. But the candidate must have cleared the class without back and improvement.

# IMPORTANT CONTACTS AND LINKS

| | | |
|---|---|---|
| College | : | Vardhaman College, Kiratpur-Najibabad Road, Bijnor- 246 701 (U.P.) |
| Website | : | www.vardhamancollege.edu.in |
| E-mail | : | principalvcb@rediffmail.com |
| Telephone Nos. | : | 01342 - 262788 & 265735 |
| University | : | M.J.P. Rohilkhand University, Pilibhit Bye Pass Road, Bareilly - 243006, (U.P.) |
| Website | : | www.mjpru.ac.in |
| E-mail | : | info@mjpru.ac.in<br>vcoffice@mjpru.ac.in (Registrar) |
| Helpline Telephone Nos. | : | 0581 -2520801 & 2524232 |

University Authorities :

| | |
|---|---|
| Chancellor (Governor) | : Hon'ble Smt. Anandiben Mafatbhai Patel (0522-2237000) |
| Vice Chancellor | : Prof. Krishna Pal Singh (0581-2527282) |
| Registrar | : Dr. (Smt.) Sunita Pandey (0581-2520487) |
| Finance Officer | : Sh. Kamlesh Kumar Shankhwar (0581-2527273) |
| Exam Controller | : Sh. Sanjeev Kumar Singh (0581-2521467) |
| Asstt. Registrar | : Sh. Anand Kumar Maurya (0581-2521467) |
| I/C Online Control Room & Website | : Sh. Ravindra Kumar Gautam (0581-2522203) |
| P.R.O. | : Sh. Zaheer Ahmad (+91 94124 89092) |
| Dean Students Welfare & Sports Secretary | : Prof. A. K. Jaitly (0581-2524042) |
| Cultural Coordinator | : Dr. Santosh Arora (0581-3291333) |
| N.S.S. Coordinator | : Dr. Sompal Singh (09411485252) |

| | | |
|---|---|---|
| U.G.C. | : | University Grants Commission, Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi-110 002 |
| Website | : | www.ugc.ac.in |
| E-mail | : | webmaster@ugc.ac.in |
| Telephone No. | : | 011 - 23604446 |

NATIONAL ANTI RAGGING HELP LINE

| | | |
|---|---|---|
| Toll Free No. (24x7) | : | 1800-180-5522 |
| E-mail | : | helpline@antiragging.in |

EMERGENCY Nos. :

| | | |
|---|---|---|
| Police | : | 112 |
| Fire Station | : | 101 |
| Ambulance | : | 102 |
| Women Helpline | : | 1090 |

Rs. 300/-



INTERNATIONAL CONFERENCE
ON
Interdisciplinary Research for Sustainable Development:
Sustainable Development:
Vardhaman College, Bijnor
Annual Youth Fest
PRAYAAS 2019
(5th to 7th November, 2019)
Vardhaman College, Bijnor
Annual Youth Fest
PRAYAAS 2019
(5th to 7th November, 2019)
Annual Youth Fest
PRAYAAS 2019
(5th to 7th November, 2019)
VARDHAM
सप्तदश
दीक्षान्त समारोह